


दैनिक


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 360

ग्वालियर, मंगलवार 20 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### कनाडा- ओंटारियो फायरिंग घटना में घायल भारतीय छात्र ने दम तोड़ा, 3 लोगों की मौत

**टोरंटो, कनाडा।** कनाडा के ओंटारियो में फायरिंग की घटना में घायल हुए 28 वर्षीय भारतीय छात्र ने दम तोड़ दिया है। ओंटारियो प्रांत में सोमवार को हुई गोलीबारी में दो अन्य लोगों की भी जान चली गई थी। हिल्टन क्षेत्रीय पुलिस सेवा (एचआरपीएस) ने एक बयान में शनिवार को बताया कि सतविंदर सिंह की हैमिल्टन सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने परिवार व दोस्तों की मौजूदगी में अंतिम सांस ली। बयान के अनुसार, सिंह भारत से आया एक छात्र था, जो 'एमके ऑटो रिपेयर्स' में अंशकालिक नौकरी करता था। बयान में कहा गया, 'एचआरपीएस, सिंह के परिवार व दोस्तों तथा भयावह घटना से प्रभावित समुदाय के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।' ओंटारियो में सोमवार को हुई गोलीबारी में टोरंटो पुलिस के कॉन्स्टेबल एंड्रयू होंग (48) और 'एमके ऑटो रिपेयर्स' के मालिक शकील अशरफ (38) की मौत हो गई थी। हमलावर की पहचान 40 वर्षीय सीन पेट्री के तौर पर हुई थी, जिसको पुलिस ने हैमिल्टन में मार गिराया था। सिंह के रिश्ते की बहन सरबजोत कौर ने समाचार पत्र 'टोरंटो स्टार' को बताया कि शनिवार दोपहर को सिंह के पिता ने अस्पताल को उसका 'लाइफ सपोर्ट' हटाने की अनुमति दे दी थी। कौर ने बताया कि सिंह के पिता उनसे आखिरी बार वैश्विक महामारी से पहले मिले थे। सिंह के पिता दुबई में एक चालक की नौकरी करते हैं और घटना के बाद कनाडा पहुंचे। वहीं, सिंह के परिवार को उनका शव भारत ले जाने में मदद करने के लिए 'गोफंडमी' (चंदा एकत्रित करने का एक मंच) ने रविवार तक 35 हजार डॉलर से अधिक की धन राशि जुटा ली थी।

### अब न्यूयॉर्क शहर हो जाता है रात 10 बजे तक बंद

**न्यूयॉर्क।** कोरोना महामारी और आर्थिक संकट के चलते न्यूयॉर्क शहर मैं रात 10 बजे के बाद सन्नाटा छा जाता है।कभी 24 घंटे वाले चलने वाले इस शहर की रौनक अब खत्म हो गई है।न्यूयॉर्क शहर 10 बजे रात के बाद जागता था। सारी रात यहां पर गहमागहमी रहती थी। रेस्टोरेंट्स,बार, नाइटक्लब, पूल, गेम्स, कैफिटेरिया, और जिम रात में जल्द बंद होने लगे हैं। पहले यह रात तक खुले रहते थे।रात में चलने वाली ट्रेनों में भी यात्रियों की संख्या पहले जैसे नहीं रही। कोरोना महामारी के बाद न्यूयॉर्क शहर को जैसे किसी की नजर लग गई हो। कोरोना वायरस से निजात पाई,तो आर्थिक मंदी और बेरोजगारी ने घेर लिया, न्यूयॉर्क में देर रात लूटपाट की घटनाएं और नशे में चूर नशेडियों के कारण अब न्यूयॉर्क शहर की रात की रौनक एक तरह से खत्म हो गई है।रात की शिफ्ट में बेरोजगार होने के बाद भी कर्मचारी काम नहीं करना चाहते हैं।

### बांग्लादेश सीमा से तस्कर को गिरफ्तार कर 40 लाख का सोना बरामद किया

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने उत्तर बंगाल की भारत बांग्लादेश सीमा से एक तस्कर को गिरफ्तार कर करीब 40 लाख के 7 सोने के बिस्कुट बरामद किए हैं। बीएसएफ ने यह जानकारी दी है। बीएसएफ ने बताया कि रविवार को एक खुफिया इनपुट के आधार पर रायगंज सेक्टर में बीएसएफ की 61वीं बटालियन के जवानों ने एक भारतीय नागरिक को सात सोने की बिस्कुट के साथ पकड़ा। पकड़ा गया तस्कर पतिराम इलाके से बस से मालदा जा रहा था, उसी वक्त बीएसएफ के जवानों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए भारतीय का नाम प्रशांत विश्वास है। इसके पास से 7 सोने के बिस्कुट जिसका बजन 816।360 ग्राम है, बरामद किए गए हैं। बरामद किए गए सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में करीब 40 लाख 65 हजार 472 आंकी गई है। संभावना है कि ये सोना बांग्लादेश से तस्करी कर लाया गया था। बीएसएफ ने पकड़े गए तस्कर और सोने को आगे की जांच के लिए स्थानीय कस्टम विभाग को सौंप दिया है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर ये सोना कहां भेजा जाना था।

### सपना चौधरी को कोर्ट ने कस्टडी में ले लिया

**लखनऊ।** मशहूर हरियाणवी डांसर सपना चौधरी सोमवार को छुपते-छुपाते कोर्ट में पेश हुई। सपना को कोर्ट ने कस्टडी में ले लिया है। सपना ने लखनऊ आने के बाद किसी को जानकारी नहीं होने दी। सोमवार को वह कक्ष संख्या 204 स्थित एसीजेएम 5 शांतनु त्यागी की कोर्ट में पेश हुई। सपना यहां कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट निरस्त कराने आई थीं। बता दें कि एक मई 2019 को सपना चौधरी के खिलाफ विश्वास हनन और धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज हुआ था। इस मामले में 20 जनवरी 2019 को आयोजक जुनैद अहमद, इवाद अली, रत्नाकर उपाध्याय और अमित पांडेय के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

# चंड़ीगढ़ विवि कांड में छात्रों का धरना-प्रदर्शन समाप्त

# दो वॉर्डन निलंबित,यूनिवर्सिटी 6 दिन के लिए बंद

**चंडीगढ़।** पंजाब की प्राइवेट चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में छात्राओं के नहाने के आपत्तिजनक वीडियो को लेकर खड़े हुए हंगामे का विवाद अब थमता दिख रहा है। छात्रों ने इस मामले को लेकर अपना धरना-प्रदर्शन खत्म करने का फैसला किया है। दरअसल, विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों को मना लिया है। इस पर सहमति बनी है कि धरना-प्रदर्शन में शामिल किसी छात्र पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही 2 हॉस्टल वार्डन को निलंबित कर दिया गया है।



फिलहाल, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को 6 दिन (24 सितंबर) के लिए बंद कर दिया गया है। कई छात्र अपने घर भी जाने लगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हॉस्टल की टाइमिंग बदल दी गई है। साथ ही लड़कियों के हॉस्टल में पहनावे पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जाएगी। इसके अलावा, इस मामले में छात्रों की 10 सदस्यीय कमेटी का गठन होगा, जिसे केस से जुड़े हर एक अपडेट दिए जाएंगे। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने एक छात्रा को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 23 वर्षीय एक युवक को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है जिसे उस छात्रा का बॉयफ्रेंड बताया जा रहा है। युवक को गिरफ्तार कर उसे पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने इस मामले में 31 वर्षीय एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। इस तरह अब तक मौजूदा मामले में तीन गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

कई छात्राओं का वीडियो बना कर लीक किए जाने की अफवाह के बाद विश्वविद्यालय में आधी रात के बाद प्रदर्शन हुआ। किसी छात्रा के आत्महत्या की कोशिश करने का मामला सामने नहीं आया है और इस मामले में किसी की मौत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार छात्रा का मोबाइल फोन फॉरेंसिक जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। भारतीय दंड संहिता की धारा-354 सी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। यूनिवर्सिटी परिसर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने रविवार शाम को फिर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों में से कुछ ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों पर घटना को दबाने का आरोप लगाया। अधिकांश प्रदर्शनकारियों ने काले कपड़े पहन रखे थे और उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में हमें न्याय चाहिए जैसे नारे लगाए। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर आर.एस. बावा ने एक बयान में कहा, ऐसी अफवाहें हैं कि लड़कियों ने आत्महत्या की है, जबकि सच्चाई यह है कि किसी भी लड़की ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है। एक और अफवाह है, जो मीडिया के माध्यम से फैल रही है कि विभिन्न छात्राओं का आपत्तिजनक एमएमएस मिला है।

## सपा के मार्चा को पुलिस ने बीच में रोका गया, अखिलेश हुए आगबबूला

### सीएम ने कहा सपा से शिष्टचार की उम्मीद बेकार



**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र की सोमवार को हंगामेदार शुरुआत रही। सदन में हंगामे का आलम रहा, वहीं सड़क पर भी विपक्ष आग बबूला हुआ। सत्र की शुरुआत से पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने पार्टी विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा तक मार्च निकालने का प्रयास किया, मार्च को बीच में ही रोक दिया गया। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के 25 करोड़ लोगों के हितों के लिए डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए भी यहां अभाव और अराजकता के लिए जगह नहीं है। योगी ने राज्य सरकार के खिलाफ समाजवादी पार्टी के विधानसभा तक पैदल मार्च के बारे में पूछने पर कहा कि किसी भी दल और व्यक्ति को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने में कहीं कोई बुराई नहीं है, लेकिन समाजवादी पार्टी से यह उम्मीद करना कि वह किसी नियम या किसी शिष्टाचार को माने, यह केवल एक कपोल कल्पना ही कही जा सकती है। उधर, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सपा जिसे मार्च का नाम देकर विरोध प्रदर्शन कर रही है, तब जनता के हितों से जुड़ा हुआ है, ही नहीं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें जनता से जुड़े किसी मुद्दे पर चर्चा करनी है, तब सदन में करनी चाहिए, जो कार्यवाही का हिस्सा बने। सरकार चर्चा के लिए तैयार है। दूसरी ओर, पुलिस का इस कहना है कि हमें पैदल यात्रा की जानकारी मिली थी। इसके लिए पूर्वानुमति नहीं मांगी गई थी।

## रूस के खिलाफ जवाबी हमलों में कोई कोताही नहीं बरतेंगे हमारे सैनिक : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने देशवासियों से वादा किया है कि यूक्रेन की सेना रूसी सैनिकों के कब्जे से अपने कस्बों-शहरों को वापस लेने के लिए जवाबी हमले करने में कोई कोताही नहीं बरतेगी। जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि शायद अब आप में से कुछ लोगों को ऐसा लग रहा होगा कि लगातार सफलता के बाद अब सन्नाटा पसर गया है, लेकिन ऐसा नहीं है। यह अगली कार्रवाई की तैयारी है। यूक्रेन को मुक्त कराना ही असली मकसद है। यूक्रेन की सैन्य कमान ने दावा किया कि उसके बलों ने शनिवार को ओस्किल नदी के पूर्वी तट को अपने कब्जे में ले लिया है। यह नदी रूस से यूक्रेन में दक्षिण की ओर बहती है। इस बीच, रूस के सप्ताहांत में शहरों और कस्बों में गोले दागने के बाद ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने आगाह किया है कि रूस नागरिक ठिकानों पर हमले बढ़ा सकता है क्योंकि युद्ध के मैदान में वह पिछड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा पिछले सात दिनों में रूस ने नागरिक ठिकानों पर हमले तेज किए हैं, यहां तक कि उन क्षेत्रों में भी जहां वह तत्काल कोई सैन्य चुनौती का सामना नहीं कर रहा है।



## इमरान खान को राहत, आतंकवाद के आरोपों को हटाने का आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत देकर एक महिला न्यायाधीश के खिलाफ विवादित टिप्पणी के मामले में उनके खिलाफ लगे आतंकवाद के आरोपों को हटाने का आदेश दिया। गत 20 अगस्त को एक रैली के दौरान 69 वर्षीय खान ने अपने सहयोगी शाहबाज गिल के साथ हुए व्यवहार को लेकर शीर्ष पुलिस अधिकारियों, निर्वाचन आयोग और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराने की धमकी दी थी। गिल को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। खान ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी की भी आलोचना की थी, जिन्होंने पुलिस के अनुरोध पर गिल की दो दिन की हिरासत को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा था कि न्यायाधीश चौधरी को तैयार रहना चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भाषण के कुछ घंटों बाद पुलिस, न्यायपालिका और अन्य संस्थानों को धमकी देने के आरोप में खान के खिलाफ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने मामले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जहां मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनाल्लाह की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की।



## चीतों के साथ पीएम मोदी की तस्वीर से एमपी सरकार गंभीर, दिए जांच के आदेश



**भोपाल।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 72 वें जन्मदिन के अवसर पर नामीबिया से भारत लाए गए 8 चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा। इस मौके पर उन्होंने इन चीतों की तस्वीरें भी खींची थीं। अब पता चला है कि किसी ने उन तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर उसे वायरल कर दिया है। तस्वीर के वायरल होने के बाद यह मामला मध्य प्रदेश सरकार के संज्ञान में आया। अब प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं, ताकि ऐसे लोगों पर नकेल कसा जा सके।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब इन चीतों को कूना नेशनल पार्क में रिलीज किया तो उन्होंने उनकी तस्वीरें भी ली थीं। अब उनके द्वारा ली गई तस्वीर के साथ छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। तस्वीर शेयर होते ही वायरल हो गई। इसके बाद यह मामला मध्य प्रदेश सरकार के संज्ञान में भी आया। एमपी सरकार ने इस मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं, ताकि दोषियों का पता लगाकर उन्हें कानून के तहत सजा दी जा सके। अब इस मामले की जांच की जिम्मेदारी मध्य प्रदेश की साइबर पुलिस को सौंपी गई है।

मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पीएम मोदी द्वारा ली गई तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ करने की घटना से बेहद खफा हैं। उन्होंनें बताया कि कूनो नेशनल पार्क में चीतों को छोड़ने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने चीतों की फोटो ली थी। उस फोटो के साथ छेड़छाड़ की गई है। पुलिस इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। नरोत्तम मिश्राने कहा कि यह बहुत ही गंभीर विषय है। पीएम के कैमरे के साथ जिस तरह का फेब्रिकेशन किया गया है, वह उचित नहीं है। मैंने पुलिस के साइबर विभाग को इसकी जांच करने का आदेश दिया है। इसकी शुरुआत कहां से हुई इसकी जांच की जाएगी।

## ईरान में महिलाओं ने फेंके हिजाब, लामबंद हो सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**तेहरान।** ईरान में हिजाब की अनिवार्यता को लेकर से महिलाएं विरोध प्रदर्शन पर उतर आई हैं, विवाद रविवार को और गहरा गया। इस शिया मुल्क में हिजाब पर बरती जा रही कट्टरता के विरोध में सैकड़ों महिलाएं रविवार को देश के पश्चिमी हिस्से में सड़कों पर उतर आईं। इस विरोध प्रदर्शन में महिलाओं ने अपने हिजाब को उतारकर फेंक दिया और सरकार विरोधी नारे लगाए। इसका विडियो दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गया। ईरानी लड़कियों ने देश के कई यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया है। सोशल मीडिया में हिजाब के खिलाफ जमकर पोस्ट किए जा रहे हैं। क्यों हुआ प्रदर्शन 22 साल की महसा अमिनी की मौत से ये महिलाएं गुस्से में हैं। महसा पश्चिमी ईरान में साकेज की रहने वाली थीं। वह परिवार से मिलने 13 सितंबर को



तेहरान आई थीं। वह हिजाब के खिलाफ थीं, इसलिए उन्होंने उसे नहीं पहना था। पुलिस ने महसा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के 3 दिन बाद 16 सितंबर को उनकी मौत हो गई।

हिरासत में मौत~ चश्मदीदों ने बताया कि गिरफ्तारी के वक्त महसा पूरी तरह ठीक थीं। उन्हें पुलिस की गाड़ी में बेरहमी से पीटा गया। कुछ घंटों बाद परिवार को बताया गया कि महसा को दिल का दौरा आया था और वह आईसीयू में हैं। ईरान की पुलिस ने पिटाई के आरोपों से इनकार किया है। ईरान में सार्वजनिक जगहों पर हिजाब पहनना अनिवार्य है। हिजाब उतारना वहां अपराध है। इसकी अवहेलना पर गिरफ्तारी होती है। ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने गृह मंत्रालय से कहा है कि वह महसा के मौत के मामले में जांच करें। सरकार विरोधी नारे~ पश्चिमी कुर्दिस्तान के साकेज में महसा अमिनी के अंतिम संस्कार पर उसे न्याय दिलाने की मुहिम तेज हुई। सुबह से ही लोग जुटना शुरू हुए, जिससे कि ईरानी सुरक्षाबलों को चुपके से शव दफनाने न दिया जाए। साकेज के कब्रिस्तान से सामने आए विडियो में दिख रहा है कि प्रदर्शन के दौरान महिलाएं अपना हिजाब फेंक रही हैं।

## नवरात्र के मौके पर विदेशी फूलों से सज रहा माता वैष्णो देवी का दरबार

**नई दिल्ली।** शारदीय नवरात्र 2022 के मौके पर माता वैष्णो देवी का दरबार विदेशी फूलों से महकेगा। 26 सितंबर से शुरु हो रहे नवरात्र के मौके पर माता के भवन और कटडा शहर को देशी व विदेशी फूलों से सजाया जाएगा। माता वैष्णो देवी श्राईन बोर्ड इस बार नवरात्र उत्सव और आकर्षक बनाने जा रहा है। पहले कोविड के चलते नवरात्र उत्सव फीका ही रहा है। फल और फूलों की सजावट के साथ भवन परिसर में एक किलोमीटर तक रंग बिरंगी झालरें भी लगाई जाएंगी, ताकि लोग भवन मे आनंदित महूसस कर सकें। भवन परिसर के पास विशेष स्वागत द्वार बनाए जाएंगे, जिसमें विभिन्न-विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियों को सुसज्जित किया



जाएगा। भवन और ट्रैक पर 24 घंटे मां वैष्णो देवी के भजन गूजेंगे। साथ ही कई जगहों पर बड़ी-बड़ी एलआईडी स्क्रीन स्थापित की जा रही हैं, जिसमें लोग माता के आलोकिक दर्शन कर पाएंगे। भैरव घाटी, अर्धकुवारी, माता वैष्णो देवी के प्रवेश द्वार, दर्शनी ड्योडी, बाण गंगा रोड को फूलों व फलों से सजाया जाएगा, ताकि श्रदालुओं को भवन की भव्यता के साथ ही अलौकिक छटा देखने को मिलेगी। नवरात्र उत्सव के लिए कारीगर माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटडा में पहुंच गए हैं और नवरात्र शुरु होने से पहले इस काम को पूरा करने की तैयारी चल रही हैं। नवरात्र के मौके पर पहली बार इतनी भीड़ होगी, उसका अंदाजा यहीं से लगा सकते हैं, कि आनलाअन बुकिंग फुल हो चुकी है। हैलीकाप्टर सेवा के साथ-साथ भवन में ठहरने की सभी बुकिंग फुल हैं। कटरा होटल व रेस्तरां संघ के प्रमुख ने बताया कि इस बार बहुत ज्यादा यात्रा होने की उम्मीद है, क्योंकि पहले कोविड के चलते दो साल कोई समारोह नहीं हुआ था।

## मिग-21 वायु सेना से होंगे रिटायर, अभिनंदन ने इसी पर सवार हो पाक के एफ-16 को किया था नेस्तनाबूत

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना में लगातार दुर्घटना के शिकार हो रहे मिग-21 लड़ाकू विमानों की विदाई होने जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि एयरफोर्स 30 सितंबर को अपने मिग-21 फाइटर्स के चार शेष स्क्वाड्रनों में से एक को रिटायर करेगी। श्रीनगर स्थित 51 नंबर की इस स्क्वाड्रन को स्वॉर्ड आर्म्स% के रूप में भी जाना जाता है। विंग कमांडर (अब ग्रुप कैप्टन) अभिनंदन वर्धमान ने 27 फरवरी, 2019 को नियंत्रण रेखा पर डॉगफाइट के दौरान पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराया था। इस बहादुरी के लिए उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया था, उस समय वह 51वें स्क्वाड्रन में थे। पाकिस्तान के हवाई हमले का जवाब देने के लिए अभिनंदन ने उड़ान भरी थी। भारत ने 26 फरवरी, 2021 को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकाने पर हमला किया था। इसके बाद पाकिस्तानी वायुसेना ने भारत पर हमले की कोशिश की थी, जिसका करारा जवाब भारत ने दिया था। इसी दौरान अभिनंदन वर्धमान पीओके में मिग-21 से गिर गए थे और पाकिस्तानी सेना ने उन्हें गिरफ्तार कर



लिया था। भारत के कूटनीतिक दबाव के बाद पाकिस्तान ने दो दिन में ही अभिनंदन को सकुशल वाघा बॉर्डर पर छोड़ा था। दरअसल, मिग-21 एयरक्राफ्ट काफी पुराने हैं और उस पर सवार होने के बाद भी अत्याधुनिक फाइटर जेट एफ-16 को मार गिराने को लेकर अभिनंदन वर्धमान की जमकर तारीफ की गई थी और वह नेशनल हीरो के तौर पर सामने आए थे। मिग-21 विमानों को वायुसेना में 1963 में शामिल किया गया था और विभिन्न किस्म के करीब 900 विमान वायुसेना में शामिल किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मिग-21 का बाकी तीन स्क्वाड्रन को 2025 तक हटाया जाएगा। दरअसल, हाल के सालों में कई मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। ऐसे में इनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। बीते 6 दशकों में 400 से अधिक विमान दुर्घटना का शिकार हुए हैं, जिनमें करीब 200 पायलटों की मौत हुई है। बार-बार के हादसों के चलते इन्हें उड़ता ताबूत कहा जाने लगा। पिछले एक दशक में वायुसेना की 5 नई स्क्वाड्रन बनी हैं। इनमें तीन राफेल और दो एलसीए तेजस की हैं। सवाल सिर्फ मिग-21 विमानों को फेज आउट करने का नहीं, बल्कि मिराज-जगुआर भी पुराने हो चुके हैं। वायुसेना के पास 49 मिराज तथा 139 जगुआर हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### छेत्री को स्टेज पर धक्का देने का वीडियो वायरल


**नई दिल्ली** । बेंगलुरू एफसी के कप्तान सुनील छेत्री के साथ डूरंड कप फुटबॉल खिताब जीतने के बाद स्टेज पर बदसलूकी हुई है। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। डूरंड कप में जीतने के बाद जब सुनील छेत्री ट्रॉफी लेने के लिए स्टेज पर गए तो उन्हें धक्का दिया गया। सोशल मीडिया पर सुनील छेत्री के अपमान का यह वीडियो वायरल हो रहा है। इसको लेकर पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भी प्रतिक्रिया दी है। आकाश ने इसे इसे शर्मनाक करार दिया है। छेत्री के अलावा खिताबी मुकाबले में विजयी गोल करने वाले खिलाड़ी शिव शक्ति को भी धक्का दिया गया। बेंगलुरू एफसी ने मुंबई सिटी को 2-1 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल खिताब जीता है।

### बजरंग को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य मिला

**बेलग्रेड** । भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक मिला है। बजरंग का यह विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कुल चौथा पदक है। इसके साथ ही बजरंग इस चैंपियनशिप में चार पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बने हैं। पिछले दिनों उन्होंने बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। बजरंग ने कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में प्यूर्तो रिको के पहलवान सेबेस्टियन सी रिबेरा को 11-9 से हराया। इससे पहले बजरंग को क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अमेरिकी पहलवान माइकल डियाकोमीहालिस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था हालांकि इसके बाद वह रेपचेज राउंड के जरिये कांस्य पदक के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। बजरंग ने रेपचेज दौर में अर्मेनियाई पहलवान वाजगेन तेवानयान को 7-6 से हराया था। विश्व चैंपियनशिप में बजरंग का यह तीसरा कांस्य पदक है। इससे पहले उन्हें साल 2013 में रजत जबकि साल 2018 और 2019 में कांस्य पदक मिला था। इस चैम्पियनशिप में बजरंग के अलावा महिला पहलवान विनेश फोगट ने भी कांस्य पदक हासिल किया है।

### टी20 विश्व कप के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी भी ऑस्ट्रेलिया जाएंगे : बीसीसीआई

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि अगले माह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी भी ऑस्ट्रेलिया जाएंगे। बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम के साथ ही स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर दीपक चाहर, रवि बिश्नोई , श्रेयस अय्यर और मोहम्मद शमी को रखा है। इन्हें टीम के साथ इसलिए भेजा जा रहा है ताकि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने की हालत में तत्काल बदलाव किया जा सके। वहीं ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले टी20 सीरीज के पहले बेंगलुरु में एनसीए को रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। बीसीसीआई के अनुसार उन्हें फिटनेस से जुड़े काम के लिए बुलाया जा रहा है। भारतीय टीम विश्व कप से पहले दो अभ्यास मैच खेलेगी। यह मुकाबले 17 और 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाएंगे। भारतीय टीम का पहला मुकाबला 23 अक्टूबर को पाकिस्तान से होगा।



रुस में मैराथन मुकाबले में भाग लेते हुए प्रतियोगी।

## अर्शदीप ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कमी पूरी की : रोहित



**मोहाली** । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से पहले कहा है कि वह बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं। रोहित ने कहा कि अर्शदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ सुपर-फोर के अंतिम ओवर में शानदार गेंदबाजी की थी। कप्तान ने कहा कि भारतीय टीम काफी समय से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की तलाश कर रही थी। अर्शदीप ने अब इस कमी को पूरा कर दिया है। अर्शदीप आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद नजरों में आये थे। इसके बाद भातरीय टीम की ओर से उन्होंने हर सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया है। डेथ ओवरों में वह अपनी शानदार योर्कर गेंदबाजी के कारण विरोधी बल्लेबाज को कोई अवसर नहीं देते हैं। वहीं रोहित ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर कहा कि वह बड़े खिलाड़ी हैं जिनपर हमें हमेशा भरोसा रहा है। वह भले ही गत तीन साल से शतक नहीं लगा पाये थे पर इस बीच उन्होंने कई अच्छी पारियां खेली थीं। एशिया कप में अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद वह एक बार फिर लय में आ गये हैं। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीकी से खेलकर अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप की दो मजबूत टीमों के खिलाफ छह मैच खेलेगी। इससे हमें खिलाड़ी की परफॉर्मेंस के बारे में पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया के पास गेंदबाजी के बेहतर विकल्प हैं जिसमें बुमराह, अर्शदीप, हार्दिक, हर्षल पटेल और भुवनेश्वर कुमार जैसे तेज गेंदबाज तो वहीं स्पिनर में चहल और अक्षर पटेल बेहतरीन हैं।

## नंबर चार पर बल्लेबाजी करना पसंद है सूर्यकुमार को



**नई दिल्ली** । आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने भारत की ओर से पारी की शुरुआत के साथ ही किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। इस युवा बल्लेबाज के अनुसार उन्हें किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करना पसंद है हालांकि नंबर चार पर बल्लेबाजी करना उन्हें ज्यादा अच्छा लगता है। वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग के अनुसार सूर्या को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए।

सूर्यकुमार ने कहा, ÷मुझे हर पोजिशन पर बल्लेबाजी करना पसंद है। साथ ही कहा कि जिस भी स्थान पर में बल्लेबाजी करने जाता हूं वह मुझे अच्छा लगने लगता है। इसके साथ ही खेल पर भी मैरा नियंत्रण आने लगता है। जब मैं सात से 15 ओवर के बीच बल्लेबाजी करता हूं तो मुझे सबसे ज्यादा मजा आता है। मैं उस चरण में सकारात्मक रहने का प्रयास करता हूं। उन्होंने आगे कहा, मैंने ऐसे बहुत से मैच देखे हैं, जहां टीमों का पावरप्ले शानदार होता है और अंत मजबूत होता है, लेकिन मुझे लगता है कि टी20 मैच में सबसे अहम समय आठवें ओवर से लेकर 14वें ओवर तक का होता है। आपको उस चरण में तेजी से रन बनाने की जरुरत होती है। तब मैं ज्यादा खतरे वाले शॉट नहीं खेलने का प्रयास करता हूं।

## आरोन को अभी भी भारतीय टीम में जगह मिलने की उम्मीद



**नई दिल्ली** । झारखंड की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले तेज गेंदबाज वरुण आरोन को अभी भी भारतीय टीम में जगह मिलने की उम्मीद है। वरुण हालांकि 32 साल के हो गये हैं। इस तेज गेंदबाज ने एक साक्षात्कार में कहा कि मेरी प्रतिस्पर्धा स्वयं अपने से ही है। साथ ही कहा कि जब मैंने भारतीय टीम में प्रवेश किया तो उस समय जहीर खान, और प्रवीण कुमार और आशीष नेहरा जैसे तेज गेंदबाज खेल रहे थे। ऐसे में अगर मैं प्रतियोगियों के बारे में सोचता तो कभी भी टीम में नहीं होता। इसी कारण मेरा ध्यान हमेशा स्वयं से रहता है। मुझे पता है कि अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा तो टीम में जगह अपने आप बन जाएगी।। आरोन को गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में खरीदा था और उन्होंने सीजन के दौरान उनके लिए दो मैच खेले। नेहरा टाइटंस टीम के मुख्य कोच भी थे। वरुण को उनके साथ और उनकी कोचिंग में भी खेलने का मौका मिला है। वहीं आरोन ने पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को लेकर कहा कि मैंने उनकी कप्तानी में पदार्पण किया था। मैंने पहली बार उनके साथ ही राज्य के लिए खेला, क्योंकि जब वह भारत के लिए खेले थे, तो मैं अंडर-14 खेल रहा था, इसलिए मैं उनसे तब तक कभी नहीं मिला जब तक कि मैंने भारत

## टी20 विश्वकप में जीत की प्रबल दावेदार है टीम इंडिया :जयवर्धने

**कोलंबो** । श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने के अनुसार भारतीय क्रिकेट टीम अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप में जीत की प्रबल दावेदार है। जयवर्धने के अनुसार भारतीय टीम के पास टी20 विश्वकप जीतने की क्षमता होने के साथ ही इसके लिए सभी जरुरी योग्यताएं हैं हालांकि कुछ क्षेत्रों में टीम को अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा।

जयवर्धने के अनुसार भारतीय टीम में प्रतिभा और कौशल की कमी नहीं है पर उन्हें सभी क्षेत्रों में मजबूत बनना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने से भी एशिया कप में भारतीय टीम की गेंदबाजी प्रभावित हुई है। जयवर्धने ने कहा, मेरा मानना है कि भारतीय टीम के पास प्रतिभा और कौशल सब कुछ है। बुमराह के नहीं होने का नुकसान एशिया कप में टीम में हुआ था। वह नई गेंद से टीम के लिए अहम भूमिका निभाते हैं। अब जब वह टी20 विश्वकप में वापसी कर रहे हैं तो उसका लाभ भारतीय टीम को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एशिया कप में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने भी अपना फार्म हासिल कर लिया है। उनका मानना है कि भारत में अब लाइन-अप में स्थिरता है और कोहली का लय में होने से टीम का मनोबल बढ़ेगा।

## व्यापार न्यूज

### डायरेक्ट टैक्स संग्रहण में 30 फीसदी बढ़ोतरी, खजाने में जमा हुई 8.36 लाख करोड़ की राशि

**नई दिल्ली** । शासकीय खजाना इस वर्ष खूब फल-फूल रहा है। दरअसल, चालू वित्त वर्ष में टैक्स संग्रहण (कलेक्शन) में खासा इजाफा हुआ है। एडवांस टैक्स कलेक्शन बढ़ने से चालू वित्त वर्ष (एफवाई23) में 17 सितंबर तक ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 30 फीसदी बढ़कर 8.36 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए डायरेक्ट टैक्सेज का ग्रॉस कलेक्शन अभी तक (रिफंड के लिए एडजस्टिंग से पहले) 8,36,225 करोड़ रुपये है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कलेक्शन 6,42,287 करोड़ रुपये की तुलना में 30 फीसदी ज्यादा है। अप्रैल-सितंबर के लिए क्यूम्युलटिव एडवांस टैक्स कलेक्शन 17 सितंबर को 2,95,308 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 17 फीसदी ज्यादा है। बयान में कहा गया कि 8.36 लाख करोड़ रुपये के ग्रॉस कलेक्शन में 4.36 लाख करोड़ रुपये कॉरपोरेट इनकम टैक्स से और 3.98 लाख करोड़ रुपये पर्सनल इनकम टैक्स (पीआईटी) से आए। पीआईटी में सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स शामिल हैं। रिफंड एडजस्ट होने के बाद नेट कलेक्शन 23 फीसदी बढ़कर 7,00,669 करोड़ रुपये हो गया।

### तेल की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव

**नई दिल्ली** । अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है हालांकि इसके बाद भी दिल्ली, मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतें पहले की तरह ही बनी हुई हैं। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर वहीं नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसके अलावा गाजियाबाद में 96.26 रुपये और डीजल 89.45 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.48 रुपये और डीजल 94.26 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है।

## शेयर बाजार की कमजोर शुरुआत : सेंसेक्स 299 व निफ्टी 89.85 अंक गिरे

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ खुला। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों अल्ट्राटेक सीमेंट, सिप्ला, एशियन पेंटस, मारुति सूजुकी और टाइटन के शेयरों के नीचे आने से बाहर गिरा है। इसके बाद हालांकि बाजार में सुधार आने लगा। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 299.15 अंक नीचे आकर 58,541.64 पर जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 89.85 अंक गिरकर 17,441 अंक पर पहुंच गया।

आज सुबह से ही अल्ट्राटेक सिप्ला, एशियन पेंटस, मारुति सूजुकी और टाइटन के जैसे स्टॉक्स में बिकवाली से बाजार पर दबाव पड़ा। वहीं मुनाफावसूली हावी होने से इन कंपनियों के शेयर गिरने लगे। वहीं दूसरी ओर बजाज फिनसर्व , ओएनजीसी, इंफोसिस, एसबीआई लाईफ इंशयोरेंस और एचडीएफसी लाइफ जैसी कंपनियों के शेयरों में लगातार खरीदारी हुई , जिससे इनके शेयर ऊपर आये हैं।

कारोबार के दौरान निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 1 फीसदी तक गिरे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को छोड़कर निफ्टी में सभी अन्य सभी क्षेत्रों में आज गिरावट रही। निफ्टी मीडिया, निफ्टी फार्मा और निफ्टी रियल्टी सेक्टर में आज एक फीसदी तक गिरावट दर्ज की गयी है। कारोबार में ओएनजीसी के शेयरों में एक फीसदी का उछाल भी दिख रहा है। वहीं, ग्रेन्यूल्स इंडिया के स्टॉक्स भी 2 फीसदी की बढ़त पर थे। दूसरी ओर अन्य एशियाई बाजारों में सोल, शंघाई, टोक्यो और हांगकांग के बाजारों में गिरावट रही जबकि अमेरिकी बाजार नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए।

### एशियाई , अमेरिकी और यूरोपीय बाजार गिरे

**टोक्यो** । एशियाई बाजारों में आज मिलाजुला रुख रहा है। वहीं अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में गिरावट आई है। एशियाई बाजारों में सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर आज सुबह 0.16 फीसदी की तेजी रही जबकि ताइवान का शेयर बाजार भी सुबह 0.07 फीसदी की बढ़त पर रहा। वहीं दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में 0.30 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में भी 0.03 फीसदी का नुकसान हुआ। वहीं अमेरिका में महंगाई और बेरोजगारी के आंकड़ों से बाजार टूटा है। इसके साथ ही फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में फिर बड़ी बढ़ोतरी के संकेत दिये हैं। इससे कर्ज महंगा हो गया है। इसका प्रभाव शेयर बाजार पर भी पड़ा है। यही कारण है कि अमेरिका के नेसडेक में 0.90 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं अमेरिका की ही तरह से यूरोपीय बाजार भी गिरे हैं। जर्मनी के स्टॉक एक्सचेंज में 1.66 फीसदी की बड़ी गिरावट आई है जबकि फ्रांस का शेयर बाजार 1.31 फीसदी नुकसान पर बंद हुआ। इसी प्रकार लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर भी पिछले कारोबारी

## एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 12,000 करोड़ का किया निवेश

**नई दिल्ली** । भारतीय शेयर बाजार अब तेजी से सुधर रहा है लिहाजा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर महीने में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 12,000 करोड़ रुपये लगाए हैं। उनका निवेश इन अनुमानों पर आधारित है कि मुद्रास्फीति में आ रही नरमी के बीच दुनिया भर के केंद्रीय बैंक विशेषकर अमेरिका का फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में वृद्धि को लेकर कुछ नरम रुख अपना सकते हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, 1 सितंबर से 16 सितंबर के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में 12,084 करोड़ रुपये लगाए हैं। आर्थिक वृद्धि की गति जारी रहने की उम्मीदों के बल पर एफपीआई शुद्ध लिवाल बने रहे।

बाजार विशेषज्ञ हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, 'विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों में इस उम्मीद से निवेश कर रहे हैं कि वैश्विक केंद्रीय बैंक विशेषकर फेडरल रिजर्व दरों में वृद्धि पर नरम रूख अपना सकता है क्योंकि अब मुद्रास्फीति घटना शुरू हो गई है।' इन आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 51,200 करोड़ रुपये और जुलाई में करीब 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया था। भारतीय शेयर बाजारों से लगातार नौ महीनों तक पैसा निकलने के बाद एफपीआई जुलाई में शुद्ध लिवाल बने थे। इसके पहले अक्टूबर 2021 से लेकर जून 2022 के बीच एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों से करीब 2.46 लाख करोड़ रुपये की निकासी की थी। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी रिसर्च (रिटेल) श्रीकांत चौहान ने कहा कि मौद्रिक सख्ती, बढ़ती मुद्रास्फीति और जियो-पॉलिटिकल चिंताओं को देखते हुए आने वाले समय में एफपीआई का रुख अस्थिर बना रहेगा।

## रूस से रियायती दर पर क्रूड ऑयल खरीदने पर भारत को हुआ 35 हजार करोड़ का फायदा

**नई दिल्ली** । यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते भारत को रूस से रियायती दर पर क्रूड ऑयल खरीदने पर भारी लाभ हुआ है। अनुमान के मुताबिक यह लाभ 35,000 हजार करोड़ रुपए पर पहुंचा है। फरवरी में यूक्रेन-रूस संघर्ष के बाद से यह लाभ हुआ। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। इसी साल फरवरी-मार्च में जब रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हो गया तब दुनियाभर में राजनीतिक तनाव बढ़ गया। लिहाजा रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले बहुत सारे पारंपरिक खरीदारों ने रूसी क्रूड ऑयल लेने से मना कर दिया। इस वजह से रूस का लाखों बैरल तेल फंस गया। रूस इसके बाद काफी छूट यानी मार्केट रेट से सस्ते पर क्रूड ऑयल ऑफर करने लगा। उस समय भारत ने अमेरिका सहित तमाम विकसित देशों के दबाव के बावजूद रूस से कच्चा तेल खरीदने का विकल्प चुना।

इसके बाद भारत रूसी क्रूड ऑयल के खरीदारों की लिस्ट में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया। इस समय देश के कुल तेल खरीद का लगभग 12 फीसदी रूस से आ रहा है जो युद्ध के पहले एक फीसदी से भी कम था। इसी साल जुलाई में रूस भारत का दूसरा सबसे तेल सप्लायर बन गया। सऊदी अरब अब तीसरे स्थान पर चला गया। हालांकि अगस्त में फिर से रियाद दूसरे नंबर पर पहुंच गया और मास्को तीसरे स्थान पर। रायटर्स ने अपने डाटा के आधार पर यह जानकारी दी है।

वाणिज्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जुलाई के दौरान, रूस से भारत का तेल आयात आठ गुना बढ़कर 11.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1.3 अरब डॉलर था। मार्च के बाद से, जब भारत ने रूस से आयात बढ़ाया है, आयात 12 अरब डॉलर से ऊपर हो गया है। यह पिछले साल के 1.5 अरब डॉलर से काफी अधिक था। इनमें से करीब 7 अरब डॉलर का आयात सिर्फ जून और जुलाई में ही हुआ है।

## दोपहिया से लेकर चौपहिया वाहनों तक की सेल में खासा इजाफा

**नई दिल्ली** । सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स की एक रिपोर्ट पर नजर डाली जाए तो ये साफ हो जाता है कि दोपहिया से लेकर चौपहिया वाहनों तक की सेल में खासा इजाफा हुआ है।सिएम ने अगस्त 2022 की सेल्स रिपोर्ट में बताया है कि एक महीने में अंदर भारत में 2,81,210 पैसेंजर वाहनों की बिक्री हुई।वहीं अगस्त 2021 के आंकड़ों से तुलना की जाए तो ये 2,32,224 था।इससे साफ है कि पिछले साल के मुकाबले ऑटो सेक्टर ने काफी बढ़त ली है। ये बढ़त करीब 21 प्रतिशत की है.इस बढ़त के पीछे अब मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये बरकरार रहेगी और नवरात्रों के शुरू होने के साथ ही इसके और बढ़ने की उम्मीद है।जानकारों का कहना है कि ऑटो सेक्टर में नवरात्रों के दौरान तेज बढ़त देखने को मिलेगी।इस दौरान दो पहिया वाहनों की खरीद में अच्छी तेजी दिखने के साथ ही कारों की बिक्री भी काफी बढ़ने की उम्मीद है।सिएम की रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2022 में 5,04,146 यूनिट्स की बिक्री हुई।वहीं अगस्त 2021 के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो ये 4,60,284 यूनिट्स ही बिकी



थीं।ऐसे में स्कूटर के मार्केट ने पिछले साल के मुकाबले 9.5 फीसदी का उछाल लिया.वहीं मोटरसाइकिल की बिक्री पर नजर डाली जाए तो इसमें 23.1 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। अगस्त 2022 में 10,16,794 मोटरसाइकिलें बिकीं, वहीं अगस्त 2021 में 8,25,894 मोटरसाइकिलें ही बिकी थीं।इस हिसाब से मोटरसाइकिलों की बिक्री में सभी व्हीकल सेग्मेंट्स में सबसे ज्यादा उछाल दर्ज किया गया।वहीं कारों की बात की जाए तो अगस्त 2022 में 133477 यूनिट्स बिकीं, वहीं अगस्त 2021 के आंकड़ों को देखा जाए तो ये 108508 यूनिट्स ही था।ऐसे में कारों की बिक्री में करीब 23 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया.वहीं एसयूवी की बिक्री की बात की जाए तो अगस्त 2022 में 1,35,497 यूनिट्स की सेल दर्ज की गई।वहीं अगस्त 2021 में ये बिक्री 1,12,863 यूनिट्स ही थी।इस हिसाब से एसयूवी की बिक्री में 20 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।अगस्त 2022 में वैन की कुल 12,236 यूनिट्स बिकीं, वहीं अगस्त 2021 में 10,853 यूनिट्स की सेल दर्ज की गई थी। इस तहर वैन्स की बिक्री में भी 12.7 फीसदी की बढ़त देखी गई।वहीं तिपहिया वाहनों की बिक्री में भी बढ़त दर्ज की गई।अगस्त 2022 में 9,397 यूनिट्स की बिक्री हुई, वहीं अगस्त 2022 में 10,300 यूनिट्स की सेल हुई थी।तिपहिया वाहनों की बिक्री में 8.7 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। बता दें कि पहले वैश्विक अर्थव्यवस्था का स्लो डाउन और फिर अचानक कोरोना महामारी की मार ने ऑटो सेक्टर की कमर तोड़ कर रख दी थी।लेकिन एक बार फिर कोरोना से उबरने के बाद बाजार में कुछ रौनक दिखने लगी है।

### रुपया बढ़त के साथ खुला

**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया बढ़त के साथ खुला। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर 79.64 पर पहुंच गया। वहीं इसी दौरान अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.70 पर खुला और बढ़त दर्ज करते हुए यह 79.64 के स्तर पर पहुंच गया। इस प्रकार रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे तक पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 79.78 पर बंद हुआ था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी बढ़कर 109.80 पर पहुंच गया।

# लॉकअप फेम अंजलि अरोड़ा ने तोड़ डाला मुनव्वर फारुखी का रिकॉर्ड



लॉकअप फेम एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इंफ्ल्युएंसर अंजलि अरोड़ा की फैन फॉलोइंग दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। अंजलि अरोड़ा ने हाल ही में टीवी सीरियल निर्माता एकता कपूर के पहले ओटीटी रियलिटी शो लॉक अप में हिस्सा लिया था। जहां, वो अपने गेम शो की वजह से लोगों का ध्यान खींचने में सफल रही। कंगना रनौत और एकता कपूर के इस ओटीटी रियलिटी शो में अंजलि अरोड़ा की दोस्ती शो के विनर और स्टैंड अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुखी से भी खूब रही। जिसकी चर्चा उस वक्त जमकर हुई थी। अब शो के बाद मुनव्वर फारुखी अपनी निजी जिंदगी में व्यस्त हैं तो अंजलि अरोड़ा सोशल मीडिया पर अफने फैंस के बीच खासा चर्चा में है। हाल ही में अदाकारा अंजलि अरोड़ा ने मुनव्वर फारुखी को पीछे छोड़ एक दिलचस्प रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, कुछ ही वक्त पहले अदाकारा अंजलि अरोड़ा इंस्टाग्राम पर लाइव आई थीं। जहां कुछ ही मिनटों में अदाकारा को इंस्टालाइव पर 261 के व्यूज हासिल हुए। इसी के साथ एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा को अभी तक के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले सेलिब्रिटी का खिताब मिल गया है। दिलचस्प बात ये है कि इस मामले में अंजलि अरोड़ा ने अपने दोस्त मुनव्वर फारुखी को भी पीछे छोड़ दिया है।



## प्रेंग्नेसी अनाउंसमेंट के बाद आलिया ने पहली बार कराया फोटोशूट, वायरल हुई तस्वीरें

*आलिया भट्ट ने अभी हाल ही में इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर बताया है कि वो मां बनने वाली है। तब वो सोशल मीडिया से लेकर हर जगह चर्चा में बनी हुई है। अभी हाल में उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हुई थी, जिसमें वो करण जौहर और करीना कपूर के साथ नजर आ रही है। अब आलिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है जिसमें वो एकदम अलग लुक में नजर आ रही है। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। तो चलिए देखते है आलिया की नई तस्वीरें जो इस समय सोशल मीडिया पर छाई हुई है।*

आलिया भट्ट ने अभी हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की है। जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। आलिया भट्ट ने जो तस्वीरें शेयर की है। उनमें वो टाइट ड्रेस पहने हुए नजर आ रही है। जो बेहद प्यारी लग रही है। आलिया भट्ट इस तस्वीर में अपनी रिंग फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही है। जिसे फैंस देखते रह जा रहे है। आलिया भट्ट इन तस्वीरों में छोटी और टाइट ड्रेस पहनकर किलर पोज देती हुई दिखाई दे रही है। आलिया भट्ट ने जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है, वो खूब वायरल हो रही हैं। फैंस इन तस्वीरों को खूब शेयर कर रहे है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से कुछ समय पहले ये फोटो शेयर की थी। ये तस्वीर फैंस को खूब पसंद आई थी। आलिया ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर बताया था कि वो मां बनने वाली है। आलिया ने जो फोटो शेयर की थी, उसमें रणबीर कपूर भी उनके साथ दिख रहे थे।

# अमेजन ने कॉमिकस्तान सीजन 3 का हास्य व मनोरंजन से भरपूर ट्रेलर रिलीज किया




अमेज़न प्राइम वीडियो ने आज कॉमिकस्तान सीज़न 3 का हास्य व मनोरंजन से भरपूर ट्रेलर रिलीज़ किया। आठ एपिसोड के साथ बिल्कुल नए अंदाज में वापसी करने वाली इस कल्ट कॉमेडी सीरीज़ का फॉर्मेट बिल्कुल नया होगा, जिसके जरिए भारत के अगले सर्वश्रेष्ठ स्टैंड-अप कॉमेडियन की तलाश की जाएगी। इसके अलावा, अबीश मैथ्यू का साथ देने के लिए इस बार होस्ट के रूप मेंकुशा कपिला भी शामिल हो रही हैं। जाने-माने कॉमेडियन ज़ाकिर ख़ान, सुमुखी सुरेश, नीति पलटा और केनी सेबेस्टियन जज के पैनल में शामिल होंगे। ओनली मच लाउडर द्वारा तैयार की गई इस सीरीज़ का प्रीमियर भारत के साथ-साथ दुनिया के 240 देशों और क्षेत्रों में 15 जुलाई को अमेज़न प्राइम वीडियो पर होगा। नए फॉर्मेट के अनुसार, सात अलग-अलग मेंटर्स हर हफ़्ते आठ प्रतियोगियों को एक अलग जॉनर में ट्रेनिंग देंगे। मेंटर्स में राहुल सुब्रमण्यम, सपन वर्मा, रोहन जोशी, प्रशस्ति सिंह, कन्नन गिल, आदर मलिक और अनु मेनन शामिल हैं। सभी प्रतियोगी अपनी सबसे मजेदार पंचलाइन पेश करेंगे क्योंकि उन्हें अलग-अलग तरह की कॉमेडी में अपना प्रदर्शन देना होगा, जिसमें ऐनिक्डोटल कॉमेडी, टॉपिकल कॉमेडी, इम्प्रोव और बिल्कुल नई रोस्ट कॉमेडी सहित कई तरह की कॉमेडी शामिल हैं।

इस मौके पर ज़ाकिर ख़ान ने कहा, ÷कॉमिकस्तान के नए सीज़न को लेकर मैं बेहद उत्साहित महसूस कर रहा हूँ और जज की सीट पर वापस आकर बड़ा अच्छा रहा है। निश्चित तौर पर इस बार हमारे सभी आठ प्रतियोगियों में अनुभव की थोड़ी कमी है। लेकिन सच कहूँ तो इस सीज़न के दौरान उन्होंने अपने हुनर को जिस तरह से निखारा है उससे मैं बेहद प्रभावित हूँ, क्योंकि उन्होंने खुद को कॉमेडी के अलग-अलग जॉनर में परखा है। मैं अमेज़न प्राइम वीडियो के साथ एक से अधिक तरीकों से जुड़ा हुआ हूँ, और मुझे तो यह अपने घर जैसा ही लगता है।÷

केनी सेबेस्टियन ने कहा, ÷दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाले दो सीज़न के बाद, मैं कॉमिकस्तान सीज़न 3 में नए सरप्राइज को लेकर रोमांचित हूँ। भारत में स्टैंड-अप कॉमेडी के लिहाज से यह शो बेहद महत्वपूर्ण है। यह किसी भी कॉमेडियन के लिए इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अपनी पहचान बनाने का स्थान है। सबसे अच्छी बात यह है कि तीसरे सीज़न में लेखन और प्रदर्शन की गुणवत्ता का स्तर और बेहतर हो गया है। मुझे उनके परफॉर्मेंस को जज करने में बहुत मज़ा आया और मैं चाहता हूँ कि दर्शक भी जल्द-से-जल्द इसका आनंद ले सकें। नीति पलटा ने कहा, ÷कॉमिकस्तान में मेरी खुशियां बसती हैं और एक बार फिर से इसमें शामिल होकर मैं काफी खुश हूँ। बेहतरीन जजों के पैनल, मेंटर्स और शानदार प्रतियोगियों के साथ काम करने का अनुभव वाकई मज़ेदार है। यह बात सही है कि कॉमेडी सिखाई नहीं जा सकती, लेकिन आसपास मौजूद होनहार लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

# विक्रम वेधा को लेकर रिलायंस एंटरटेनमेंट ने दी सफाई


पिछले कुछ समय से विक्रम वेधा से जुड़ी कई तरह की खबरें सामने आ रहीं थी जो फिल्म को नेगेटिव लाइमलाइट दिला रही थी। लेकिन अब इन सभी खबरों पर फुलस्टॉप लगाते हुए एक स्टेटमेंट रिलीज किया गया है। हाल में सोशल मीडिया हैंडल पर एक क्लेरिफिकेशन जारी करते हुए, रिलायंस एंटरटेनमेंट ने उल्लेख किया है, ÷हम विक्रम वेधा की शूटिंग लोकेशन्स को लेकर बहुत सी मिसलीडिंग और पूरी तरह से निराधार खबरें देख रहे हैं। हम एकदम साफ करना चाहते हैं कि विक्रम वेधा को भारत में बड़े पैमाने पर शूट किया गया है, जिसमें लखनऊ भी शामिल हैं। फिल्म का एक हिस्सा यूनाइटेड अरब एमिरेट्स में अक्टूबर-नवंबर 2021 में शूट किया गया था क्योंकि यह एकमात्र स्थान था जो बायो-बबल के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करता था जो इस तरह के पैमाने के क्रू को समायोजित करता था, साथ ही शूटिंग के पहले के महीनों में स्टूडियो में सेट के निर्माण की इजाजत देता है। हमने स्वास्थ्य और प्रोटोकॉल की चिंताओं से ऐसा करने का फैसला किया। इन फैक्ट्स को तोड़ मरोड़ कर पेश करना बेहद गलत और झूठ है।



बयान में आगे कहा गया है, हम यह भी कहना चाहेंगे कि रिलायंस एंटरटेनमेंट में हम रचनात्मक प्रतिभाओं के सुझावों का स्वागत करते हैं, लेकिन प्रोडक्शन और बजट से जुड़ा फैसला एक केंद्रीकृत विशेषाधिकार हैं।

भारतीय लोककथा विक्रम और बेताल पर आधारित विक्रम वेधा एक बेहतरीन एक्शन क्राइम थ्रिलर है, जो एक सख्त पुलिस अधिकारी की कहानी बताती है जो एक खतरनाक गैंगस्टर का पता लगाने और उसको पकड़ने के लिए निकल पड़ता है। यह फिल्म निस्संदेह सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है क्योंकि यह दो दशकों के बाद एक हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म है जिसके लिए दो सुपरस्टार्स ने एक साथ सहयोग किया है। विक्रम वेधा को गुलशन कुमार, टी-सीरीज़ फिल्म्स और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा फ्राइडे फिल्मवर्क्स और वायनोट स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्देशित और एस शशिकांत और भूषण कुमार द्वारा निर्मित है। फिल्म में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान और राधिका आप्टे प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म में रोहित सराफ, योगिता बिहानी, शारिब हाशमी और सत्यदीप मिश्रा भी आशाजनक भूमिकाओं में हैं। विक्रम वेधा की शूटिंग अक्टूबर 2021 में शुरू हुई, और विभिन्न शेड्यूल के बाद फिल्म की मुख्य फोटोग्राफी सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। पोस्ट-प्रोडक्शन का काम अब पूरे जोरों पर है और विक्रम वेधा 30 सितंबर, 2022 को दुनिया भर में बड़े पैमाने पर रिलीज होने के लिए तैयार है।

# 'अवतार' में खतरनाक रुप में नजर आएंगी कैट



'अवतार' के सीक्वल 'अवतार- द वे ऑफ वॉटर' फिल्म में महत्वपूर्ण रोल निभाने वाली एक्ट्रेस केट विंसलेट का पहला लुक अब सामने आ गया है। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया था। 105 सेकेंड के टीजर ने फिल्म की झलक दिखाई थी। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

नवी योद्धा के तौर पर केट विंसलेट के फर्स्ट लुक से प्रशंसक प्रभावित हुए हैं।'अवतार- द वे ऑफ वॉटर' में केट विंसलेट रोनल नामक योद्धा के रोल में नजर आएंगी। हॉलीवुड की यह लोकप्रिय अभिनेत्री केट बड़ी आंखों और बड़े-बड़े दांतों के साथ खतरनाक रुप में नजर आएंगी। 'अवतार' के मेकर्स ने इस फिल्म के सीक्वल में उन्हें एक अलग अंदाज में पेश किया है। मई में जब इस फिल्म का ट्रेलर सामने आया था तब भी केट नजर आई थीं, लेकिन उनके लुक को लेकर किसी तरह का खुलासा नहीं किया गया था। नए अंदाज में केट के लुक ने फैंस की दिलचस्पी को बढ़ा दिया है। साल 2009 में आई 'अवतार' के सीक्वल की घोषणा तो उसी समय कर दी गई थी लेकिन इसके सीक्वल को लाने में जेम्स कैमरुन को करीब 13 साल लग गए। जेम्स और केट विंसलेट 26 साल बाद एक साथ आए हैं। एक इंटरव्यू में केट ने बताया था कि 'इस फिल्म के लिए मैंने पानी के अंदर लंबे समय तक सांस रोके रहने की कला सीखी है।' फेमस फिल्म 'टाइटैनिक' की एक्ट्रेस को नए अंदाज में देखने के लिए फैंस अभी से बेकरार हो गए हैं।'अवतार- द वे ऑफ वॉटर' में केट विंसलेट के अलावा सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना, स्टीफन लैंग, मिशेल रोड्रिग्ज , विन डीजल जैसे स्टार्स हैं।

# दीपिका कोंकणी सम्मेलन में शामिल हुई



अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पिछने कुछ समय से बेहद बिजी हैं। ब्रैंड शूट्स से लेकर कान्स में जूरी ड्यूटीज और पठान और प्रोजेक्ट की शूटिंग के चलते दीपिका को खुद के लिए वक्त ही नही मिल रहा था पर हाल में अपने काम से ब्रेक लेकर दीपिका अमेरिकका में वैकेशन एंजॉय कर रही हैं और साथ ही अपनी फैमिली को भी समय दे रहीं है।

दरअसल दीपिका पादुकोण के कुछ रिश्तेदार यूएसए में भी रहते हैं। ऐसे में अपने हॉलिडेज पर उनसे मिलने दीपिका वहां चली गई। दीपिका की ये वैकेशन और भी खास तब हो गई जब उन्हें सैन जोस में कोंकणी सम्मेलन के 10वें एडिशन के लिए बतौर चीफ गेस्ट इंवाइट किया गया।

सिलिकॉन वैली के केंद्र में आयोजित तीन दिन के इस इवेंट में प्रदर्शनों, म्यूजिक शोज, सेमिनार्स, फूड और काम के साथ साथ कोंकणी कल्चर की विरासत को सेलिब्रेट किया गया। बता दें ये एक ऐसी पहल है जो इस संस्कृति को दुनिया भर जिंदा रखेगी।

दीपिका के साथ उनका परिवार और उनके पति अभिनेता रणवीर सिंह भी इस इवेंट में मौजूद थे, जिन्होंने इसे खूब एंजॉय किया। इसकी शुरूआत शंकर महादेवन की परफॉर्मेंस के साथ हुई थी।

इस इवेंट में दीपिका को अपनी जड़ों और समुदाय के साथ जुड़ने का मौका मिला, जहां उन्होंने अपने सफर, कल्चरल इंफ्लूएंस, अपब्रिंगिंग और प्रोफेशनल जर्नी पर काफी देर तक बात की। इस मौके पर दीपिका की फैमिली और रणवीर सिंह ने भी उन्हें स्टेज पर ज्वाइन किया और जिसके बाद सैन जोस मैकनेरी कन्वेंशन सेंटर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

दुनिया में सबसे बड़ी वैश्विक कोंकणी प्रतीकों में से एक के रूप में, दीपिका पादुकोण का समुदाय पर एक शक्तिशाली प्रभाव रहा है जो उन्हें गर्व से देखते हैं। बाद में सुपरस्टार ने अपने सोशल मीडिया पर कोंकणी एसोसिएशन ऑफ कैलिफोर्निया को धन्यवाद दिया। उसने पोस्ट में लिखा, ÷अपने पिछले इतिहास, मूल और संस्कृति के ज्ञान के बिना लोग बिना जड़ों के पेड़ की तरह हैं। आपके प्यार, गर्मजोशी और आशीर्वाद के लिए मेरे समुदाय के लोगों को धन्यवाद। मुझे और अधिक गर्व नहीं हो सकता था।

## सलमान की फिल्म में नजर आयेंगे हनी सिंह और देवी श्री प्रसाद



संगीतकार देवी श्री प्रसाद, रैपर-सिंगर यो यो हनी सिंह के साथ मिलकर गाने पर काम करेंगे। 'ऐसा पहली बार होगा जब हम किसी गाने के लिए तीनों का ऐसा ब्लॉकबस्टर कॉम्बिनेशन देखेंगे।'दिलचस्प बात यह है कि ऐसा पहली बार होगा जब यो यो हनी सिंह और देवी श्री प्रसाद किसी गाने पर साथ काम करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान अपनी अगली फिल्म की तैयारी में लगे हैं। जाहिर है कि सलमान अपनी अगली फिल्म को एंटरटेनिंग बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। वे संगीत सहित किसी भी पहलू पर समझौता नहीं करना चाहते। ऐसी चर्चाएं भी हैं कि सलमान खान राम चरण और वेंकटेश दग्गुबाती जैसे साउथ के सुपरस्टार के साथ एक गाना भी करेंगे। गाने के बारे में बताते हुए, सूत्र ने बताया, 'यह एल्बम का एक महत्वपूर्ण गाना है और सेट पर मौजूद लोग इसकी धुनों और सीन पर थिरकने से खुद को रोक नहीं पा रहे।'अभी सलमान खान की अगली फिल्म का नाम स्पष्ट नहीं किया गया है। 'कभी ईद कभी दिवाली' और 'भाईजान' जैसे टाइटल को लेकर चर्चा हो रही है। फिल्म में पूजा हेगड़े लीड रोल में हैं। उनके अलावा, फिल्म में सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, राघव जुयाल और शहनाज गिल भी अहम रोल में दिखेंगी। फरहाद सामजी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को खुद सलमान खान प्रोड्यूस कर रहे हैं। बता दें कि देवी श्री प्रसाद को लेकर खबर आ रही है कि वे सलमान खान स्टारर फिल्म 'कभी ईद कभी दिवाली' के लिए काम करेंगे।

## तेजस पर निगाह

दुनिया के कई देश भारतीय लड़ाकू विमान तेजस के दीवाने हो गए हैं। कई देशों ने भारत के लड़ाकू विमान तेजस को खरीदने की इच्छा जताई है। तेजस पर बाकायदा बातचीत के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अर्जेंटीना की दो दिवसीय यात्रा की थी। भारतीय लड़ाकू विमान तेजस की दुनिया में मांग के पीछे दो बड़ी वजह हैं इसका चीन और पाकिस्तान के जेएफ-17 से ज्यादा ताकतवर और इंपेक्टफुल होना। दूसरा तेजस दुनिया के अन्य लड़ाकू विमानों से कीमत में भी सस्ता है। अर्जेंटीना के अलावा हाल ही के दिनों में मलेशिया, इंडोनेशिया और फिलीपींस सहित कई देशों ने तेजस विमान को खरीदने में रुचि दिखाई है। तेजस पर ऐसे ही इतना भरोसा नहीं है। दरअसल, भारतीय वायु सेना के लिए तेजस लड़ाकू विमान बेहद अहम है। एलएसी और एलओसी पर चीन और पाकिस्तान के खिलाफ दोहरी चुनौती में वायुसेना के लिए तेजस बड़ा और घातक हथियार है। चीन और पाक भी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं। हालांकि वो तेजस के मुकाबले अपने जेएफ-17 लड़ाकू विमान का दंभ भरते हैं। तेजस को भारत ने स्वनिर्मित किया है जबकि, जेएफ-17 को चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त रूप से बनाया है। जेएफ-17 के मुकाबले तेजस काफी हल्का और तेज है। इसमें जेएफ-17 से ज्यादा पावरफुल इंजन भी लगा है। इसकी पेलोड क्षमता भी ज्यादा है। इसके अलावा तेजस को नेवी की जरूरत के हिसाब से मॉडिफाई भी किया गया है। यही कारण है कि तेजस चीन और पाक के जेएफ-17 से ज्यादा अत्याधुनिक और ज्यादा क्षमता वाला लड़ाकू विमान है। तेजस की कीमत दुनिया के अन्य लड़ाकू विमानों की तुलना में काफी कम है। जबकि ताकत और बहादुरी के मामले में वह दूसरे लड़ाकू विमानों पर भारी है। तेजस का निर्माण हल्के कॉम्बेड एयरक्राफ्ट के तौर पर किया गया है जो समय के साथ लगातार अपडेट किया जाता रहता है। तेजस डिफेंस के कम बजट वाले देशों के लिए संजीवनी है। तेजस का एक रिकॉर्ड यह भी है कि यह लड़ाकू विमान कभी किसी हादसे का शिकार नहीं हुआ। हाल के वर्षों में रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ा है। रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आयातक अमेरिका भी पूरी तरह भारत में विकसित इस लड़ाकू विमान में रुचि ले रहा है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और फिलिपींस सहित छह देश तेजस की खरीद के लिए आगे आए हैं। मलेशिया तो पहले ही इस विमान को खरीदने के लिए प्रस्ताव रख चुका है। देश की आजादी के बाद कई क्षेत्रों में बड़े काम हुए, लेकिन रक्षा क्षेत्र एक तरह से उपेक्षित ही रहा। लंबे समय तक भारत रक्षा उपकरणों और छोटे-छोटे जरूरी सामान के लिए दूसरे देशों का ही मुंह ताकता रहा। कुछ साल पहले तक भी भारत रक्षा क्षेत्र में उपयोग होने वाले लगभग ज्यादातर उत्पाद, हथियार और उपकरण विदेशों से खरीदे जाते रहे। यही कारण रहा कि भारत पूरे विश्व में रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आयातक देश बना रहा। पर अब हालात बदल रहे हैं। आज दक्षिण पूर्व एशिया में भारत का दबदबा बढ़ रहा है। हथियार निर्यात से न केवल देश की आय बढी है, बल्कि फिलिपींस के बाद वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे देशों ने भी भारत से हथियार खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। जाहिर है, ऐसे में हर देश के लिए सैन्य ताकत बढ़ाना वक्त की जरूरत बनता जा रहा है और संयोग से यह अवसर भारत को मिल रहा है।

# मानवता पर बदनुमा दाग है 'लखीमपुर'...?

प्रभुनाथ शुक्ल



पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिला लखीमपुर एकबार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र उर्फ़ टेनी के बेटे को लेकर नहीं बल्कि दुष्कर्म की घटना को लेकर है। निघासन थाना इलाके में दो दलित बेटियों की दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव गन्ने के खेत में पेड़ लटका दिया गया। मामला दलित परिवार से जुड़ा है इसलिए उत्तर प्रदेश की राजनीतिक गर्म हो चली है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, मायावती और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर विफलता का आरोप मढ़ा है। निश्चित रूप से लखीमपुर खीरी की घटना योगी सरकार की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करती है। दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर यह जिला सुर्खियों में बना रहता है। विपक्ष इस घटना की तुलना हाथरस की घटना से करने लगा है। दोनों सगी बहनों को दुष्कर्म के बाद गला घोंट कर फांसी के फंदे पर लटकाया गया। यह घटना पूरी तरह मानवता को शर्मसार करने वाली है। घटना पर मानवाधिकार आयोग ने राज्य के डीजीपी से तीन दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है। लखीमपुर की घटना ने साबित कर दिया है कि समाज में दलित होना पाप है। वैसे भी बलात्कार की घटनाओं में सबसे अधिक दलित परिवार पीड़ित होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना को खुद संज्ञान लिया है। दुष्कर्म के आरोप से जुड़े सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। राजनीतिक बयानों में कहा गया है कि दोनों बहनों को जबरन अपहरण कर ले जाया गया और फिर उनके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया। लेकिन लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने इस बात से इनकार किया है। दुष्कर्म के मनोविज्ञान की यह अपने आप में अनूठी घटना है। हालांकि पश्चिमी यूपी इस तरह की बलात्कार की घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रहता है। ऑनर किलिंग और दुष्कर्म जैसी घटनाएं वहां आम हैं। साल 2014 में ठीक इसी तरह बदायूं जिले में घटना हुई थी जहां दो बहनों का शव पेड़ से लटकता मिला था। इस घटना को कवर करने विदेशी मीडिया भी यहां आयी थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस पर कड़ा बयान जारी किया था।

अपराधियों पर लगाम कसने के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर संस्कृत का इजाद किया। योगी की बुलडोजर संस्कृत देश की मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी। अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी बुलडोजर संस्कृत को आगे बढ़ाने का काम किया। मध्य प्रदेश और आसाम में भी बुलडोजर संस्कृत को आगे बढ़ाया गया। उत्तर प्रदेश में अपराधियों माफियाओं के खिलाफ बाबा का बुलडोजर जमकर गरजा, लेकिन अपराधियों के हौसले पस्त नहीं हुए। अपराध के प्रति ऐसे लोगों का मनोविज्ञान नहीं बदला। दलित बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले लोग अगर बुलडोजर से डरते तो शायद इस तरह की घटना को अंजाम नहीं देते। इससे साबित होता है कि अपराधियों में बुलडोजर संस्कृत का खौफ नहीं है। दुष्कर्म की यह घटना लखीमपुर के निघासन थाने के एक गांव में हुई। जहां दो सगी दलित बहनों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। परिजनों का आरोप है कि पड़ोस के गांव से तीन युवक आए और बेटियों को उस समय उठाकर ले गए जब वे खेत में काम कर रहीं थीं।फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद हत्या कर दिए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने निघासन चौराहे पर प्रदर्शन भी किया। हालांकि इस तरह की घटनाओं को पुलिस रोक नहीं सकती है क्योंकि अचानक ऐसी घटनाएं होती हैं। किसी भी राज्य की पुलिस के लिए दुष्कर्म करने वालों के मनोविज्ञान को पढ़ना मुश्किल है। इस तरह की घटनाएं कई स्थितियों में होती हैं। लेकिन कुछ भी हो इस तरह की घटनाएं शर्मनाक और मानवता के खिलाफ हैं।

लखीमपुर खीरी की घटना के बाद बुलडोजर वाले बाबा को घेरने की कवायद शुरू हो गई। मायावती, प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे सरकार की विफलता बताया है। अखिलेश यादव ने इस घटना की हाथरस से तुलना की है। मायावती ने ट्वीट करते हुए योगी सरकार पर आरोप लगाया है कि मां के सामने दोनों बेटियों का अपहरण कर दुष्कर्म को अंजाम दिया गया। उत्तर प्रदेश में अपराधी बेखौफ हैं और सरकार की प्राथमिकताएं गलत हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि अखबारों में विज्ञापन देने से कानून व्यवस्था दुरुस्त नहीं होती। उत्तर प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध दिनों दिन बढ़ रहे हैं। लखीमपुर खीरी किसान आंदोलन के दौरान उस समय सुर्खियां बना जब केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी की बेटे ने आंदोलनकारी किसानों पर अपनी गाड़ी चढ़ा दिया था। इस घटना में चार किसानों की मौत हो गई थी। घटना को लेकर केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार की फजीहत हुई थी। विपक्ष के लाख दबाव के बाद भी मंत्रालय से नहीं हटाया गया। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के प्रति अपराध को लेकर लखीमपुर खीरी चर्चाओं में रहा है। वर्ष 2020 के अगस्त और सितंबर महीने में तीन नाबालिग किशोरियों के साथ अलग-अलग बलात्कार और हत्या की घटनाएं हुई थी। साल 2011 में इसी थाना कैंपस में एक लड़की की लाश लटकती हुई मिली। इस मामले में एक निरीक्षक समेत 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया था। जिले के पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा है कि पीड़ित परिवार की सभी जायज़ मांगों को माना जाएगा, लेकिन क़ानून व्यवस्था संभालना हमारी प्राथमिकता है।

निर्भया की घटना के बाद बलात्कार को लेकर देश में कड़े कानूनों का प्रावधान किए गया। उम्मीद जताई गई थी कि अब ऐसी घटनाओं पर विराम लगेगा। लेकिन कड़े कानूनों का कोई फायदा नहीं निकला। एनसीआरबी की तरफ से साल 2021 में जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में हर रोज 86 से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं होती है। इस दौरान दुष्कर्म के कुल 31,677 मामले दर्ज हुए। 2020 के मुकाबले दुष्कर्म के मामलों में करीब 13 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी। दुष्कर्म के मामलों में सबसे टॉप पर राजस्थान, मध्य प्रदेश तीसरे नंबर को उत्तर प्रदेश का स्थान आता है। कुल अपराधों में उत्तर प्रदेश का स्थान 23 वां है। जबकि महिला अपराधों में इसका 16 वां है। उत्तर प्रदेश में हर दिन तकरीबन 11 दुष्कर्म की घटनाएं होती हैं। राज्य में हर 2 से 3 घंटे में एक बलात्कार की घटना दर्ज की जाती है। साल 2019 की रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे अधिक 11 फीसदी दलित समुदाय के लोग दुष्कर्म की घटनाओं से पीड़ित हुए। फिलहाल बलात्कार और दुष्कर्म की घटनाओं को रोकने के लिए हमें त्वरित उपाय करने होंगे। दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देने वाले व्यक्तियों में कानून व्यवस्था का डर भरना होगा। इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए और अत्यधिक कठोर कानूनों की आवश्यकता है। महिलाओं के प्रति हमें समाज की सोच बदलनी होगी। निश्चित रूप से लखीमपुर की घटना हमें शर्मसार करती है और राज्य की कानून व्यवस्था को पर सवाल खड़े करती है। राज्य पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म और गला दबाने की पुष्टि भी हो गई है। अब दलित बेटियों को सजा दिलाने का काम सरकार का है। निश्चित रूप से दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

## अनमोल हैं कड़वे बोल

किसी ने कहा है कि अंधेरे में माचिस तलाशता हुआ हाथ, अंधेरे में होते हुए भी अंधेरे में नहीं होता, इस तलाश को अपने भीतर निरंतर जीवित रखना कोई साधारण बात नहीं है, परंतु जो लोग सफर की हदों को पहचानते हैं, जिन्हें हर मंजिल के बाद किसी नए सफर पर चल पड़ने की लत है, उनके भीतर से यह खोज कभी खत्म नहीं होती। अचूक शैली में, अपने क्रांतिकारी विचारों से लोगों को अपनी ही खोज के तौर तरीके बताने वाले राष्ट्रसंत मुनि तरुणसागर जी महाराज की वाणी सहज आकर्षण का विषय बन गई है। ऐसे समय में जब अपने हक में हर खुशी बटोर लेने की अदम्य लालसा लोगों को दुनिया के दुख दर्द से कोसों दूर ले जा रही है। मुनि श्री दुनिया को खुशी और गम की सही परिभाषा बता रहे हैं। यह सिर्फ संयोग नहीं है कि वे जहां भी पहुंचते हैं, सबसे पहले यही कहते हैं कि मैं कथा सुनाने नहीं जीवन की व्यथा सुनाने आया हूं। यह व्यथा घर-घर की कहानी है, जिसे एक बड़े आईने की शक्ल में सामने रखकर मुनि तरूण सागर जी पुकार कर कह उठते हैं कि इसे न तो ठुकराओ, न ही झुठलाने की कोशिश करो, बेहतर यही है कि इस व्यथा के बीच से ही जीवन का रस हासिल कर लो। मुनि तरुण सागर जी के बोल, सुनने वाले को भावित-प्रभावित तो करते ही हैं, उसे झकझोर कर भी रख देते हैं। उन्हें सुनते समय या पढ़ते समय आप अनुभव करते हैं कि आपकी अपनी जिंदगी एक धारावाहिक के रूप में आपकी आंखों के सामने तैरने लगी है। उनकी वाणी अतीत की जड़ता से उबारने और वर्तमान की लापरवाही के प्रति सचेत करने का काम करती है। वह आपके जख्मों को सहलाने के बदले यदि अधिक कुरदने की मुद्रा में दिख भी रही हो तो भी यह नहीं भूलना चाहिए कि मुनि श्री आपको स्थाई रूप से तंदुरूस्त बनाने का उद्यम कर रहे हैं।

## कहो तो कह दूं। हर इंसान की एक ही चाहत वे नामीबिया के चीते क्यों न हुए

चैतन्य भट्ट



पूरा देश इस वक्त नामीबिया के चीतों के स्वागत में मशगूल है, खुद प्रधान मंत्री ने उन्हें लीवर घुमाकर बाड़े में छोड़ा है न जाने कितने पुण्य किये होंगे इन चीतों ने पिछले जनम में जो इतने बड़े देश के सबसे ताकतवर प्रधान मंत्री के हाथो से अपने बाड़े में पंहुचे हैं, हर तरफ एक ही चर्चा नामीबिया के चीते द्य क्या अखबार क्या टीवी चैनल एक ही खबर कि नामीबिया के चीते भारत आ गए, एक टीवी की ऐंकर तो चीते की ड्रेस पहन कर बैठ गयी और चीतों की तीन पीढयों की कहानी उसने सुना दी, दूसरे चैनल वाले पीछे रह गए चीता वाली ड्रेस पहनने और पूंछ लगाने में । जितना स्वागत और सम्मान चीतों को मिला वैसा सम्मान तो यदि नामीबिया के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री भी आ जाते तो उन्हें नहीं मिलता, बस एक ही बात रह गयी थी कि उन्हें भारत आने पर ÷गार्ड ऑफ़ ऑनर÷ नहीं मिल पाया, लगता है उसके स्वागत करने वाले ये बात भूल गए वरना ये भी हो जाता द्य जलवा तो देखो इन चीतों का, एक बहुत बड़े हवाई जहाज से इन्हें लाया गया । साला आम आदमी अपनी पूरी जिंदगी में हवाई यात्रा तो दूर हवाई अड्डा नहीं देख पाता नहीं और इन भाई लोगों को ÷बोईंग÷ नामीबिया से लेकर आया, यंहा तक तो ठीक था फिर हवाई जहाज से उतार कर उन्हें हेलीकाप्टर में बैठाया गया द्य बड़े बड़े नेता और अफसर हेलीकप्टर में नहीं बैठ पाते लेकिन ये आठ चीते पता नहीं कौन सी किस्मत लेकर पैदा हुए थे जो उन्हें हेलीकाप्टर का सुख भी प्राप्त हो गया द्य जब से इन चीतों के ये ठाठ देखे है हर इंसान यही सोच रहा है की बेकार में इन्सान की योनि में इस धरती पर आये, काश नामीबिया के चीतों के परिवार में पैदा हुए होते तो आज हवाई जहाज और हेलीकाप्टर की यात्रा का सुख तो मिल जाता । सारा देश उनके स्वागत में पलक पांवड़े बिछाये पड़ा था , ये तो अच्छा हुआ कि टीवी वालों ने ये नहीं बताया कि उनकी पहली रात कैसी कटी, उन्होंने क्या खाया, कितने बजे सोये, पंहुचने के बाद क्या क्या किया वो तो परमिशन नहीं होगी वरना ÷टी वी÷ वाले तो उनके बाड़े में भी घुसने में गुरेज नहीं करते और बतलाते कि देखिये हमारे रिपोर्टर का साहस, चीतों के बाड़े में घुसकर आपको चीतों के कार्य कलापों के एक एक पल की जानकारी दे रहा है द्य चीते तो आ गए सारा देश खुश है लेकिन कुछ अफसर इन चीतों को इतनी जल्दी लाने से बेहद नाराज और दुखी है और वो इसलिए की इन चीतों के चक्कर में हर बार बेहतरीन विदेश यात्रा का मौक़ा मिल जाता था कभी चीतों के मूड का पता करने विदेश जाते थे तो कभी ये जानने जाते थे कि चीतों का मन इंडिआ आने का है या नहीं, तो कभी ये अफसर इस लिए नामीबिया जाते थे कि देखें ये चीते अपने इंडिआ ट्रान्सफ़र को लेकर क्या सोच रहे हैं द्य इन बेचारो का तो सारा खेल ही ख़त्म हो गया लेकिन अब पता लगा है कि ÷जेब्रा÷ और ÷जिराफ÷ भी आने वाले हैं , इस खबर से उनके चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई है वैसे इस पूरे मसले पर फिल्म आंधी का ये गाना बिलकुल सटीक बैठता है तुम आ गए हो नूर आ गया है नहीं तो कूनो में उदासी सी छाई हुई थी

### न रहेगा बाँस न बजेगी बांसुरी

जबलपुर के स्मार्ट सिटी में जिन अफसरों को तैनात किया गया है शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए उनकी ÷ दसों उंगलियां घी में और सर कहाड़ी में है÷, करोड़ों रुपया मिला है शहर को स्मार्ट बनाने के लिए और तमाम अफसर दोनों हाथो से इस धन राशि को लूट रहे हैं द्य नियम तो ये है कि जो भी प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी बनाएगी उसकी पूरी जानकारी उसको अपनी वेब साइट पर डालनी होगी कि कौन सा प्रोजेक्ट है, कितने की लागत है, कौन ठेकेदार है, कब तक प्रोजेक्ट तैयार कर देगा, जाहिर है कि आम आदमी भी स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट के बारे में जान सकता था तो भाई लोगों ने स्कीम चली और सारे प्रोजेक्टों की जानकारी ही वेब साईट से हटा दी, यानि ÷न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी÷ खोलते रहो वेब साईट जब कुछ उसमें है ही यही तो क्या ख़ाक पता लगा लोगे द्य अरबों रूपये का धुँआ उड़ाया जा रहा है और क्यों न उड़ाया जाए जब सब कुछ अफ़सरों के हाथ में ही है। एक डिप्टी कलेक्टर को सर्वे सर्वा बना दिया है तो अफसरों की पौ बारह तो होना ही है द्य अखबार वाले रोज अपने पन्ने रंगते रहते है।

# स्मार्ट इंजीनियरिंग के हाल के कुछ उदाहरण

### सूडोकु नवताल- 6198

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल - 6197 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

विवेक रंजन श्रीवास्तव

प्रति वर्ष 15 सितम्बर को भारत रत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया का जन्म दिन इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है। उन्हें नये भारत का विश्वकर्मा कहा जाता है। जब वर्ष 1883 में विश्वेश्वरैया जी ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की तब अंगुलियों पर गिने जाने वाले इंजीनियर्स थे, औद्योगिकीकरण का प्रारंभ हो रहा था। बांध, नहरें, रेल लाइन, सड़कें, जल प्रदाय, भवन, विद्युतीकरण आदि अनंत विकास कार्य किये जाने थे। अपनी प्रतिभा और अथक मेहनत से विश्वेश्वरैया जी ने अपनी समर्पित कार्यकारी छबि बनाई और देश को जाने कितने ही सफल प्रोजेक्टस दिये। पंडित नेहरू ने कल कारखानो को नये भारत के तीर्थ कहा था, इन्ही तीर्थों के पुजारी, निर्माता इंजीनियर्स को आज अभियंता दिवस पर बधाई। आज दुनियां में भी भारतीय इंजीनियर्स ने अपनी विद्वता और मेहनत से यही छबि बनाने में सफलता पा ली है। भारत के आई आई टी जैसे संस्थानो के इंजीनियर्स ने विश्व में अपनी कार्य प्रणाली से भारतीय बुद्धि की श्रेष्ठता का समीकरण अपने पक्ष में कर दिखाया है।

### नोएडा के ट्विन टावर्स का ध्वस्त किया जाना ...

जहाँ भ्रष्टाचार और घोलमाल से, राजनैतिक शह पर नोयडा में सुपरटेक के गगन छूते ट्विन टावर्स तान दिये गये थे वहीं न्यायालय के आदेश पर कुछ सेकेंड में सघन आबादी में बिना और कहीं नुकसान के इन ट्विन टावर्स को धूल धूसरित करने के इंजीनियरिंग के स्मार्ट करिश्में भी हैं। जिस पर गर्व किया जाना चाहिये। 28 अगस्त 2022 को दोपहर 2 बजे का समय निर्धारित किया गया, एडिफिस कंपनी को इन टावर्स को गिराने का जिम्मा दिया गया था। टावर सोक ट्यूब सिस्टम के तहत ध्वस्त किए गये। इस तकनीक में मलबा पानी के झरने की तरह सीधे नीचे गिरता है। टावर को गिराने के लिए सेकेंड दर सेकेंड अलग अलग हिस्सों में नियंत्रित विस्फोट किए गये टावर गिरने की शुरुआत बेसमेंट से की गई। फिर एक-एक कर स्लैब ढ़हा दिये गये। दोनों टावर का पहला फ्लोर पहले सेकेंड और अंतिम फ्लोर सातवें सेकेंड में ध्वस्त हो गया। एमरॉल्ड कोर्ट में बने 97 मीटर ऊंचे 29 मंजिला सियान टावर में पहले धमाका किया गया। कुछ पल बाद 103 मीटर ऊंचा, 32 मंजिला एपेक्स टावर धराशायी किया गया। ध्वस्त किये गये टावर्स से केवल नौ मीटर की दूरी पर स्थित सोसायटी में लोग रह रहे हैं यह महत्वपूर्ण बात है। इस सदी ने प्रारंभ में ही आतंकी गतिविधि में न्यूयार्क के ट्विन टावर्स से हवाई जहाजों को टकराते और उन्हें हजारों लोगों की मृत्यु के दुखद हादसे के रूप में देखा था। उस दुखद घटना के बाद सारी दुनियां ने नोएडा के ट्विन टावर्स को कंट्रोल्ड स्मार्ट इंजीनियरिंग के साथ पल भर में गिराये जाते देखा।

### ऑंकारेश्वर बांध के जलाशय पर दुनियां का सबसे बड़ा तैरता सोलर बिजली घर ...

मध्य प्रदेश में दुनिया में सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट नर्मदा नदी पर स्थित ओंकारेश्वर बांध में बनाया जा रहा है। परियोजना के अनुसार ओंकारेश्वर बांध पर तैरते हुये सोलर पैनल लगाए जाने हैं। दुनिया में अब तक केवल 10 इस तरह के फ्लोटिंग पावर प्लांट हैं। ओंकारेश्वर में निर्माणाधीन यह प्लांट दुनिया का सबसे बड़ा, तैरता सोलर प्लांट होगा, क्योंकि पूर्ण हो जाने पर इसकी क्षमता 600 मेगावाट होगी। इस परियोजना का निर्माण दो चरणों में पूरा किया जायेगा। पहले चरण में 278 मेगावाट की परियोजना पर काम शुरू हो चुका है। अब तक, सौर परियोजनाएं आम तौर पर भूमि पर विकसित की जाती थीं जिससे ढ़ेर सारी जमीन बेकार हो जाती थी। बांध के वाष्पीकृत होते पानी की भी बचत इन पैनल्स के लग जाने से होगी। इस सोलर पार्क परियोजना की स्थापना से प्रति वर्ष 1200 मिलियन यूनिट सौर ऊर्जा बिजली के रूप में प्राप्त होगी। बिना आबादी के विस्थापन हुये, बांध में फैले जल संग्रहण पर तैरती परियोजना स्मार्ट इंजीनियरिंग का नमूना है। आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस के वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में स्मार्ट इंजीनियरिंग लगातार विकसित हो रही प्रणालियों, उत्पादों और अनुप्रयोगों के लिए अपरिहार्य होती जा रही है। इंजीनियरिंग हार्डवेयर सिस्टम और सॉफ्टवेयर का अधिकाधिक समन्वित प्रयोग हितधारकों, विकास, परिनियोजन, निर्माण और संचालन में विभिन्न भूमिकाओं के साथ विस्तार प्राप्त कर रहा है।

## हे कागदेव ! पितृपक्ष में सद्बुद्धि दीजिए

हे ! कागदेव आप कलयुग के पितृदेव हैं। हम आपकी श्रेष्ठता को नमन करते हैं। हम समदर्शी सृष्टि का भी अभिनंदन करते हैं, जिसने आपको पितृपक्ष यानी पखवारे भर के लिए श्रेष्ठ माना है। लेकिन आपका सम्मान देख इहलोकवासी पिताम्हों को ईर्ष्या होती है। कागदेव आप नाराज मत होइएगा। लेकिन धरती पर जीवित उन लाखों पिताम्हों की पीड़ा स्वर्गवासी पितरों को जरुर पहुंचा देना। कहा जाता है कि आप पितरों के प्रतिरुप हैं, लेकिन आजकल आप भी गायब हो चलें हैं। श्राद्ध की बलि के लिए आपको लोग खोजते फिर रहे हैं, लेकिन आप गायब हैं। इंसान खुद नहीं बता पा रहा कि आपके के गायब होने कि वजह क्या है। आप अगर यूँ ही गायब रहते हैं तो बाजारबाद बेहद खुश हो जाएगा। वह आपका प्रतिरुप बाजार में उतार कर पितृपक्ष में अपना बाजार चमकाएगा। हे! कागभुसूंडी जी आप बजारवाद के सिद्धांत को जानिए और पितरों की आत्मशांति के लिए प्रगट होइए। हे कागदेव जी! धरती लोकवासी घोर कलयुग में अपने जिंदा पिताम्हों को घास भले न डालते हों, लेकिन पितृपक्ष में स्वर्गवासी पितरों की आत्ममाओं का तर्पण अवश्य करते हैं। धरा पर सशरीर मौजूद पिताम्हों की उपेक्षा और पीड़ा का ख्याल नहीँ रखते हैं। आपसे यह कहते हुए मुझे बेहदपीड़ा हो रही है कि आप कौवे के रुह में भी पितृपक्ष में जिंदा इंसानों से अधिक सम्मान पाते हैं। हे श्रेष्ठ चार्तुय !निवेदन है कि धरती पर हमारे जो सदेह माता-पिता हैं, जो परित्यक्त और उपेक्षित हैं उन्हें भी सम्माननीय बनाइए। अधुना पीढ़ी को कुछ ज्ञान दीजिए। हे काग स्वरुप में अवरित पितरदेव। आप तो पखवारे भर हलुवा-पूड़ी मेवा-मिश्री और खोए से बनी मिठाइयों के साथ भांति-भांति के पकवान छक कर खाते हैं। पूरे पखवारे भोज और सम्मान उड़ाते हैं। आप खुद के तर्पण के लिए खोवे की व्यवस्था कराते हैं। गंगा जल की तिलांजलि से प्यास बुझाते हैं। ब्राहमणों पर धन की वर्षा करवाते हैं। वैदिकमंत्रों के बीच पिंड़दान लेते हैं, लेकिन धतरतीवासी अपने वंशजों का जरा सा ख़याल नहीँ करते हैं। वह बेचारे जर्जर शरीर में धरतीलोक में जिंदालाश की तरह पड़े हैं। कोई वृद्धा आश्रम में पड़ा है तो कोई सीलन भरे कमरे में। पितर पखवारे में भी उन्हें कोई घास नहीं डालता। इनकी संख्या दो-चार नहीं लाखों में है। वृद्धा आश्रमों में जीवन गुजारते हैं। संताने देश-विदेश में स्वांतः सुखाय का जाप करती हैं और मां-बाप को बोझ समझती हैं। परलोकवासी होने के बाद झूठे सम्मान में तेरहवीं पर देशी घी का भोज करते हैं। हे कागदेव ! ऐसे प्राणियों को आप कब सद्बुद्धि दोगे।

# 4 दिन से सफाई कर्मियों की हड़ताल, शहर में जगह-जगह लगे गोबर एवं कचरे के ढेर, गंदगी से जनता परेशान

### सफाई कर्मियों की मांग अन्य जाति के लोग सफाई कर्मी पर भर्ती, लेकिन काम नहीं करते, उन्हें हटाया जाए, अपनी मांगों पर अड़े सफाई कर्मी





**मुरैना।** पिछले 4 दिन से शहर के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिससे शहर में कहीं भी झाड़ू नहीं लगी है और घरों का कचरा और चौराहों पर फिकने लगा है। सड़कों पर गंदगी का ढेर नजर आ रहा है और लोग गोवर भी पटक रहे हैं। सड़कों पर फैली गंदगी से भीषण बदबू के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो गया है तथा बारिश के मौसम में फैली गंदगी व बदबू से लोग बीमार हो रहे है। एक और नगर निगम के अधिकारी मूकदर्शक बने तमाशा देख रहे हैं तो वहीं जिला कलेक्टर भी इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं कर रहे, जिससे जनता में प्रशासन एवं निगम अधिकारियों के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त हो रहा है। सफाई कर्मियों की तमाम मांगों में एक मुख्य मांग यह भी सामने आई है कि सफाई कर्मी के पद पर अन्य वर्गों के लोग पदस्थ हैं, लेकिन उन्हें आज तक किसी ने सफाई करते नहीं देखा, ऐसे लोगों को तत्काल हटाया जाए या उनसे सफाई कराई जाए। जनता समय पर नगर निगम के सभी करों का भुगतान कर रही है। इसके बावजूद भी निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार कमीशन खोरी के कारण निगम अधिकारी कर्मचारियों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं और बदले में कर्मचारी आए दिन काम बंद हड़ताल कर आम जनता का जीवन संकट में डाल रहे हैं। शहर में 4 दिन से झाड़ू नहीं लगी है और कूड़े के ढेर सड़कों पर जमा है। भीषण गंदगी और बदबू से आम जनता त्रस्त है, लोग बीमार हो रहे हैं। इधर मुरैना कलेक्टर इस मामले में बिल्कुल लापरवाह बने हुए हैं और कोई एक्शन नहीं ले रहे, जिससे जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस समय शहर के किसी भी इलाके में किसी भी चौराहे पर एवं मोहल्ले में नजर घुमा कर देखी जाए तो चहूंऔर गंदगी सड़कों पर पसरी हुई है और चौराहों पर कचरे के ढेर लग रहे हैं। शहर के प्रमुख बाजारों में भी भीषण गंदगी देखने को मिल रही है तथा जगह-जगह कचड़े के ढेर एकत्रित कर दिए गए हैं। मुरैना को ग्रीन क्लीन बनाने का नारा देने वाले अब दिखाई नहीं दे रहे। 2014 में जब नगर निगम बनाई थी, तब प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सहित अन्य मंत्रियों एवं नेताओं ने मुरैना को ग्रीन क्लीन बनाने का वादा किया था, लेकिन 8 साल बाद भी मुरैना नहीं बदला है और जस की तस हालत में है।

### सफाई कर्मियों की मांग

नगर निगम मुरैना में 7 जुलाई 2007 से 2016 तक के सभी सफाई मस्टर कर्मचारियों को, जो कि विनियमितकरण किये गये थे। 22 जनवरी 2021 में आदेश कमिश्नर द्वारा दिये गये, उन 150 सफाई संरक्षकों को आज दिनांक तक पूरा वेतन देकर बहाल किया जाये, नगर निगम मुरैना में 2007 जुलाई से 2016 तक के विभिन्न शाखाओं में कार्यरत मस्टर कर्मचारियों को विनियमितकरण किया जाये, नगर निगम मुरैना के समस्त कर्मचारियों का ऐरियर का भुगतान शीघ्र किया, नगर निगम मुरैना में 2017 से सभी फिक्स पेय एवं संविदा कर्मियों को कलेक्टर रेट पर नियुक्त किया जाए, नगर निगम मुरैना में सभी कार्यरत कर्मचारियों की मौसम के अनुसार गर्म एव ठण्डी बर्दी उपलब्ध कराई जाये, नगर मुरैना में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को 1988 से 1996 तक के कर्मचारियों को शासन आदेशानुसार स्थाई किया जाये, सभी सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर माह स्वास्थ्य परीक्षण कराया जावे, सभी सफाई कर्मचारियों एवं वाल्मीक समाज के लिये एक अलग से कॉलोनी बनाकर आवास दिये जाये, नगर निगम मुरैना में सफाई कार्य पर अन्य वर्गों के लोग लगे हुये हैं, उनसे सफाई कार्य कराया जावे अन्यथा उन्हें हटाकर सफाईकर्मियों की दूसरी नियुक्ति की जाये, पूर्व में 1 मई 2013 के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमितीकरण किया है।



## सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष का संकल्प लें: सुभाषिनी अली

**मुरैना।** जाने-माने वामपंथी नेता बहादुर सिंह धाकड़ की 15 वीं स्मृति में संकल्प सभा का आयोजन कैलारस व सबलगढ़ में किया गया। इन सभाओं में मुख्य वक्ता मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पोलिट ब्यूरो सदस्या पूर्व सांसद सुश्री सुभाषिनी अली मौजूद रहीं। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए सुभाषिनी अली ने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार ने जनता पर हमला किया है, उसके लिए नए तरह से संघर्ष करने पड़ेंगे। उन्होंने जनता से आगे आने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कामरेड धाकड़ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका अनुसरण करने की और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की भी अपील की। इन सभाओं को जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य कमल रावत, माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी, दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रांतीय संयोजक जे के पिप्पल, किसान नेता गयाराम सिंह धाकड़, माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति, मुरारी लाल धाकड़ पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नगर सचिव राजेश गुप्ता, छात्र नेता राजवीर सिंह धाकड़ आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सिंह पटेल उर्मिला जाटव आदिराम आर्य ने की। संकल्प सभाओं में आम जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष करने का भी संकल्प लिया गया। जिनमें शक्कर कारखाने को चलाने किसान कर्मचारियों का बकाया भुगतान करने, खाद की समस्या का हल करने, आवास पट्टे, अंडर ब्रिज बनाने, बिजली, आवारा पशु सहित आम जनता की समस्याओं को लेकर जोरदार संघर्ष का संकल्प भी दोहराया गया।



# परिवार के साथ-साथ अंचल का नाम भी रोशन करते हैं मेधावी विद्यार्थी: नगाईच

### - एमराल्ड पब्लिक स्कूल में हुआ मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान




**अम्बाह।** शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी मेधा को साबित करने वाले चुनिंदा विद्यार्थियों का सम्मान एमराल्ड पब्लिक स्कूल द्वारा समारोह पूर्वक किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच और विशिष्ट अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, कविंद्र सिंह तोमर, बच्चू लाल गुप्ता, गणेश सिंह तोमर एडवोकेट, और स्कूल के डायरेक्टर अवधेश शर्मा मंचासीन थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच का सम्मान उनके द्वारा कोचिंग सेंटर्स के आसपास जमा होने वाले असामाजिक तत्वों को खदेड़ने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए सम्मान किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में अतिथियों के कर कमलों से नीट परीक्षा में 2293 वीं रैंक प्राप्त करने वाली रोशनी गुप्ता, एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले सूरज शर्मा, एयर फोर्स मैकेनिक में चयनित आदित्य शर्मा और पर्यटन क्विज में जिले पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों रानी शर्मा, हरिओम शर्मा, दीपक राठौर का सम्मान करते हुए नगर निरीक्षक जितेंद्र नगाईच ने कहा कि विद्यार्थी अपनी योग्यता और क्षमतासे अपना और अपने परिवार का नाम तो रोशन करते ही हैं, इसके साथ-साथ पूरे अंचल का गौरव बढ़ाते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं एमराल्ड स्कूल के संचालक अवधेश शर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से सम्मान करने से अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित होते हैं।

## टीवी मरीजों को समाजसेवी आचार्य ने लिया गोद और प्रदान की पोषण आहार किट



**अम्बाह।** उचित आहार और पोषण न मिलने के कारण टीबी रोगी दवाई लेने के बावजूद पूर्ण स्वस्थ नहीं हो पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में इन टीवी रोगियों को पूरक पोषण आहार प्रदान करने हेतु समाज से आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को शासकीय अस्पताल अंबाह के पांच टीवी रोगियों को गोद लेते हुए समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य अध्यक्ष आचार्य आनंद क्लब ने पूरक पोषण आहार किट भेंट की। इस किट में पोषण आहार के रूप में 5 किलो आटा, 1किलो अरहर दाल, 1किलो भुने हुए चने, 1किलो मूंगफली दाने, 1किलो मूंग की दाल, 1 किलो राजमा, 1 किलो केला, दो पैकेट बिस्किट प्रति मरीज प्रदान किए गए। इस अवसर पर सहयोगी के रुप में आचार्य आनंद टीम के उपाध्यक्ष अरविंद मावई भी उपस्थित थे। चिकित्सालय प्रभारी डॉ डी एस यादव और पूरक पोषण प्रभारी बी राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री टीवी मुक्त अभियान 2025 के तहत रोगियों के उपचार के परिणामों में सुधार लाने हेतु अतिरिक्त सहायता पूरक पोषण आहार जो अधिकतम 6 माह के लिए प्रदान किया जाएगा, की शुरुआत जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के माध्यम से की गई है, जिसमें समाजसेवी सुधीर आचार्य ने पहल करते हुए 5 मरीजों को गोद लेकर उनके लिए पूरक पोषण आहार की व्यवस्था की है और उनकी जिम्मेदारी ली है।

# दलदल बनी जौरा रोड पर एक बार फिर जनता ने किया जल सत्याग्रह

### -सत्याग्रह के दौरान लगा जाम, स्कूली बच्चे हुए परेशान, बाजरा से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी



**मुरैना।** पिछले कई महीनों से मुरैना से जौरा जाने वाले मार्ग पर एक किलोमीटर का एरिया जलभराव की समस्या से ग्रसित है और इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही तथा जाम लग रहा है एवं लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते सोमवार की सुबह जौरा रोड पर आम नागरिकों ने खटिया डालकर जल सत्याग्रह शुरू कर दिया और पानी में ही बैठ गए। इस दौरान जौरा की तरफ से बाजरा भरकर मंडी ला रहा एक ट्रैक्टर भी पलट गया और बाजरा पानी में बेकार हो गया। यह देख मीडिया का जमावड़ा लग गया और मामला सुर्खियों में आ गया, लेकिन कई घंटों तक नगर निगम से कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, वहीं एसडीएम मुरैना मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। पिछले 10 माह से भी अधिक समय से मुरैना से जौरा जाने वाले मार्ग पर सोलंकी पेट्रोल पंप से लेकर कैलादेवी फ्लोर मिल तक का एरिया जलभराव की समस्या से जूझ रहा है और यहां सड़क के दोनों ओर लगातार पानी भरा हुआ है, जिस कारण सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं तथा वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। जलभराव के चलते यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, रोड के दोनों साइड में रहने वाले हजारों नागरिक इस जलभराव की समस्या से पीड़ित है, क्योंकि उनके बच्चे स्कूल जाते हैं तो पानी में होकर गुजरना पड़ता है, वहीं आम आदमी को भी इस पानी से प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसा कोई भी दिन शेष नहीं जाता, जब दो-चार लोग पानी और गड्ढे के कारण चोटिल होकर अस्पताल नहीं पहुंचते। कुछ माह पूर्व जब किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर की बेटी की शादी थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शहनाई रिसॉर्ट पहुंचे थे, तब जरूर यहां पानी निकाल दिया गया था और रोड की मरम्मत कर दी गई थी, लेकिन उसके बाद से यहां पर नगर पालिक निगम द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया और फिर से यह मार्ग पुरानी स्थिति में आ गया। चाहे बारिश हो या ना हो, लेकिन यहां जलभराव की स्थिति 24 घंटे बनी हुई है। सड़कों में गहरे गड्ढे हो गए हैं और बगल से नाले खुले पड़े हुए हैं, जिस कारण सड़क और नाले का पता नहीं पड़ता। आए दिन हजारों की संख्या में लोग परेशानियां भुगत रहे हैं, परंतु नगर पालिक निगम के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे, जबकि नगर पालिक निगम के पास इस समस्या का समाधान है और पानी निकालने की व्यवस्था भी है, लेकिन अधिकारी काम ही करना नहीं चाहते। सोमवार की सुबह आक्रोशित जन समुदाय ने सोलंकी पेट्रोल पंप के पास जल सत्याग्रह शुरू कर दिया और खटिया डालकर पानी में बैठ गए, जिसे देखकर मीडिया भी वहां पहुंच गई और जल सत्याग्रह सोशल मीडिया पर छा गया। इसके बाद भी प्रशासन अपनी नींद से नहीं जागा है और ना ही अभी तक इस जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए कोई पहल की है।

# कट्टा एवं कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार



**मुरैना।** पोरसा थाना पुलिस ने बीती रात भिंड रोड पर अवैध हथियार लेकर वारदात की नियत से घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, अति. पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया द्वारा अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों को पकड़ने हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान परमाल सिंह मेहरा एसडीओपी अंबाह द्वारा अवैध हथियारों को पकड़ने के संबंध मे कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मुखबिर से मिली सूचना पर टीआई रामपाल सिंह जादौन के नेतृत्व में टीम ने बीती रात 10 बजे श्रीराम धर्मकांटा भिण्ड रोड पोरसा पर कट्टा लिये वारदात की नियत से घूम रहे बदमाश हीरो तोमर निवासी धनेटा रोड पोरसा को एक 315 बोर कट्टा मय एक जिंदा कारतूस के जप्त कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का मामला कायम कर न्यायालय में पेश करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त बदमाश आदतन अपराधी है तथा उस पर आधा दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। उक्त कार्यवाही में पोरसा से थाना प्रभारी आरपीएस जादौन उनि. रविप्रताप सिंह, सउनि. कप्तानसिंह, प्रआर. श्रीकांत शर्मा, आर. संदीप सिंह, राहुल पटेल, रविन्द्र बरैया, गजेन्द्र लोधी, ब्रजेश सेंगर, प्रमोद कुशवाह, चालक मनोज की अहम भूमिका रही।

# समस्त विश्व क्षमा भाव अपनाएं तो धरती की सारी समस्याएं हो सकती हैं हल: अनीता दीदी

### जैन समाज ने मनाया विश्व मैत्री दिवस



**अंबाह।** दिगंबर जैन समाज अंबाह द्वारा जैन बगीची परिसर में विश्व मैत्री दिवस एवं सामूहिक क्षमावाणी पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजलि जिनेश जैन सहित समस्त पार्षद एवं जैन समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। उक्त समारोह में बोलते हुए आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज की शिष्या ब्रह्मचारिणी अनीता दीदी ने कहा कि क्षमा वीरों का आभूषण है। समस्त विश्व क्षमा भाव अपनाए तो धरती की सभी समस्याएँ हल हो सकती हैं। दीदी ने कहा कि जो दूसरों को जीतता है, वह वीर होता है और जो स्वयं को जीते वह महावीर होता है। उन्होंने कहा कि अहंकार को हराना स्वयं को जीतने के समान है।

इस मौके पर बोलते हुए नपा अध्यक्ष श्रीमती अंजलि जैन ने विश्व मैत्री दिवस पर पर समस्त नगरवासियों से मन-वचन-कर्म से जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा माँगी। आयोजन के दौरान कक्षा 10 एवं 12 वी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद के मौजूद पार्षद एवं आयोजन में मौजूद सरपंचों का भी सम्मान किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष भूमिका निभाने वाली सामाजिक संस्था मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों का अभिनंदन किया गया। आयोजन के दौरान वीतराग शासन एवं विनम्र अकैडमी के बच्चों द्वारा जैन धर्म पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार मंचन किया गया, जिनके जरिए धर्म पथ पर चलने का संदेश दिया गया। आयोजन में मौजूद पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने जैन समाज के लोगों को धर्म के पथ पर चलकर आत्म कल्याण का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम में मौजूद लोगों के लिए लकी ड्रॉ खोला गया।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन हुआ सम्पन्न








**पुष्पांजली टुडे**
**दिल्ली।** शुलभ इन्टरनेशनल आर्गनाइजेशन ने शुलभ ग्राम दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी का 17 सितम्बर 2022 को जन्मोत्सव मनाया।इसी जन्मोत्सव में एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय कवि प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव जी ने की। सुलभ इंटरनेशनल के जनक परम आदरणीय डॉ विन्देश्वर पाठक जी पूरे समय मंच पर रहे और स्वयं भी काव्य पाठ किया। उन्हीं के सान्निध्य में देश के सुविख्यात कवियों ने काव्य पाठ किया। पंडित सुरेश नीरव जी के बेहतरीन संचालन ने कवि सम्मेलन को शिखर पर पहुंचा दिया। शुरुआत श्री मती मधु मिश्रा की सरस्वती वंदना और कविता पाठ से हुई। जिन कवियों ने काव्यात्मक आहुतियां दी, उनमें सर्व श्री अंतर्राष्ट्रीय कवि प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव जी दिल्ली, डॉ बिंदेश्वर पाठक जी,मैं रामवरण ओझा ग्वालियर, डॉ भुवनेश सिंघल जी नोएडा, श्री मती मधु मिश्रा जी गाजियाबाद,डॉ अनिल कुमार वाजपेई हापुड़, श्री मनोज कुमार मनोज मेरठ ने श्री नरेंद्र मोदी जी पर केंद्रित कविता पाठ किया। शुलभ इन्टरनेशनल आर्गनाइजेशन ने सभी कवियों का शॉल,बुके और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। उसी कार्यक्रम में मैं काव्य पाठ करते हुए और सम्मान प्राप्त करते हुए।

## संत रामप्रकाश महाराज के सानिध्य में एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा**
**बेंगलूरू-** मागड़ी रोड़ सुकतंकट्टे स्थित वाहिनी पाइप भवन परिसर में एक शाम गौमाता के नाम भजन संध्या का आयोजन भावी प्रवासी कर्नाटका के तत्वावधान में संत रामप्रकाश महाराज



के सानिध्य में रविवार शाम को आयोजित किया गया ।सर्वप्रथम आईमाता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। बाद में भजन गायक कलाकार हेमराज गोयल एण्ड पार्टी द्वारा गणेश वंदना के साथ राजस्थानी मायड़ भाषा में मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर धर्मसभा को भक्तिमय बनाया।भजनों पर भक्त भाव विभोर हो कर देर रात तक झूमते रहे। इस संध्या कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने गौ माता के पालन पोषण के लिए बोलियां बोली गई। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया।श्रद्धालुओं ने गौसहायतार्थ राशि दी गई। वाहिनी पाइप के प्रमुख माधुराम मुलेवा ने सभी प्रवासी बन्धुओं को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कानाराम बर्फा, जगदीश बर्फा, हरजीराम जाट, हनुमान राम बर्फा, शंकरलाल बर्फा, अरविंद सेंणचा, नेमाराम बर्फा सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे

# जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी के अमित को मिला मध्यप्रदेश रक्तमित्र सम्मान

### रक्तदान महादान% जो देता है दूसरों को जीवनदान

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**
**शिवपुरी-** शिवपुरी के अमित को मिला रक्त मित्र सम्मान पुरस्कार अमित जो की रक्तदान करने में हमेशा शहर में नंबर वन स्तुति पर रहते हैं किसी भी घड़ी या किसी भी पल कोई भी मरीज कहीं से भी उनको फोन लगा कर उन जब कोई रक्तदान के लिए बुलाता है तो वह बिना संकोच किए तुरंत पहुंच जाते हैं आप सभी लोगों को बताते हुए मुझे बड़ी प्रशंशा हो रही है कि दिनांक 18-09-2022 को जबलपुर में हुये %मध्य प्रदेश रक्तमित्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें थैलेसीमिया जनजागरण समिति , दिशा वेलफेयर समिति ,अनुश्री वेलफेयर सोसायटी द्वारा %जय माई मानव सेवा समिति%




शिवपुरी को शील्ड एवं प्रसस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन सभी रक्तदाताओं का है,जो रक्तदान करने के लिए हमेशा तत्पर तैयार रहते हैं। अमित ने %जय माई मानव सेवा समिति% की पूरी टीम को बधाई दी

अमित ने जबलपुर की पूरी टीम को बहुत बहुत धन्यवाद दिया और आप सभी की सेवा को मेरा आप सभी लोगों से निवेदन है कि आप सभी लोग रक्तदान के लिए आगे आकर रक्तदान करें

# मध्य प्रदेश किसान सभा जिला समिति की बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस गोहद में सम्पन्न

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**
**भिंड गोहद।** राजेश शर्मा जिला महासचिव मध्य प्रदेश किसान सभा से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश किसान सभा जिला समिति की बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस गोहद में मध्य प्रदेश किसान सभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्री अशोक सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में संगठन के जिला महासचिव राजेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गण राजेंद्र सिंह कुशवाह , नारायण शर्मा, जनपद सदस्य गण राजकुमार जाटव, शिशुपाल सिंह राणा पाल सिंह राणा जिला कार्यकारी महासचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाह, राकेश प्रजापति, रामसेवक बाबा, कोषाध्यक्ष ओपी बाथम कोषा अध्यक्ष ओपी बाथम, हरिशंकर माहौर, राजेंद्र प्रजापति इत्यादि पदाधिकारी



मौजूद थे। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए संगठन के जिला महासचिव राजेश शर्मा ने बताया के किसान की खेती की बोनी का वक्त आ गया, सरकार और उसका प्रशासन किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रहा, किसान आठ 8 दिन से लाइन में लगे हुए हैं, बिजली के अनाप-शनाप बिल भेजे जा रहे हैं किसानों को बिजली मिल नहीं रही। किसान नेता ने कहा कि चंबल के किनारे के गांव में चंबल की बाढ़ ने खरीफ की फसल है पूरी तरह नष्ट कर दी, मंत्रियों के उड़न खटोले को बहुत उड़े लेकिन मुआवजे के नाम पर किसानों को कुछ नहीं मिला, राजस्व विभाग के प्रत्येक सर्किल में नामंत्रण बंटवारे के प्रकरण लंबित पड़े हैं, तहसीलदार और उनके बाबुओं द्वारा किसानों से मोटी मोटी रिश्वत मांगी जा रही हैं, सभी किसान नेताओं ने सरकार और उसके प्रशासन से मांग की है कि उक्त समस्याओं का समाधान तत्काल नहीं किया गया तो हमारे संगठन को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# राष्ट्रीय रजक महासंघ समाज की बैठक का आयोजन

**रिपोर्टर महेंद्र सिंह रजक पिछोर।**
**पिछोर ।** ग्राम भितरगुवां सेक्टर में राष्ट्रीय रजक महासंघ पिछोर के द्वारा समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा, भाईचारा, नशामुक्त समाज, एवम समाज को अनूसूचित जाती में शामिल करने की चर्चा की गई समाज में



फैली कुरीतियां जैसे मृत्युभोज को बंद करने पर भी बल दिया गया बैठक में मप्र रजक समाज के संरक्षण आदरणीय लेबन सिंह रजक एडवोकेट मप्र उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रजक नगर अध्यक्ष मोनू रजक ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णपाल रजक उपाध्यक्ष उमेश रजक महासचिब दयाराम रजक सीतापुर ग्राम समिति के अध्यक्ष महेद्र रजक ठेकेदार के तत्वावधान में हुआ साथ में सेक्टर अध्यक्ष का चुनाव हुए जिसमे संतोष रजक सेक्टर अध्यक्ष दीपक रजक को उपाध्यक्ष प्रकाश रजक को सचिव रोशन रजक कोशाध्यक्ष हरिकृष्ण रजक संगठन मंत्री आशाजीत रजक को सचिब बनाया गया ग्राम के होनहार छात्रों को भी सम्माननित किया गया बैठक में समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित हुए सभी का बहुत बहुत धन्यवाद

# भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया का शहर आगमन पर महिला मोर्चा ने किया स्वागत

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**
**शिवपुरी**-जिला शिवपुरी मैं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया जी का पहली बार आगमन हुआ गिर्राज गार्डन में सभी बहनों द्वारा शॉल श्रीफल माला से जोरदार सम्मान किया प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया जी ने महिला मोर्चा की बहनों की बैठक ली माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन 17 तारीख के 25 दिसंबर तक आंगनबाड़ियों पर होने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के विषय में सभी बहनों को अवगत कराया प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन मैं जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे जी के नेतृत्व में बहनों ने 75 आंगनबाड़ी गोद लेकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष मे शिवपुरी नगर ब प्रत्येक मंडल मैं आंगनबाड़ी पर कार्यक्रम किए गए जिसमें महिला मोर्चा की प्रदेश जिले ब मंडल सभी बहनों ने आंगनबाड़ियों पर फल बिस्किट पोषण आहार केक काटकर



जन्मदिन मनाया वृक्ष रोपण किए खिलौने अन्य आवश्यक सामान भेंट कर मोदी जी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के तहत मनाया जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे जी ने बताया आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर भाजपा महिला मोर्चा जिले में ब मंडल में आदर्श आंगनवाड़ी 75 गोद लेने का अभियान प्रारंभ किया गया भाजपा अपने सामाजिक दायित्वों को निभाने का प्रयास कर रही है इसके चलते मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे जी और उनकी टीम में 75 आंगनवाड़ी चयन करके गोदी ली अभियान की शुरुआत 17 सितंबर मोदी जी के जन्म दिवस से हुई आंगनबाड़ियों में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कमजोर बच्चों की जांच कर उन्हें पोषण आहार वितरण किया जाएगा किशोरियों से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जाएगा स्वच्छता को लेकर जन जागरण अभियान होगा वृक्ष रोपण किए जाएंगे अभियान का समापन 25 दिसंबर को होगा आंगनवाड़ी अभियान में भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी सम्मिलित हुई प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोमवती यादव जी प्रदेश कार्यकारी सदस्य उषा भार्गव जी जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे जिला महामंत्री नीलम बघेल जिला प्रभारी अनीता सविता जी सह प्रभारी नीलम चंदेल उपाध्यक्ष राधा ओझा उपाध्यक्ष सीकू कुशवाहा जिला मंत्री बबीता राठौड़ मुन्नी कुशवाहा जिला सह कार्यालय मंत्री मीडिया प्रभारी राखी यादव प्रचार मंत्री चंद्र मेहता मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष ममता राठौर और भी बहने उपस्थित रही

# शिक्षक रहे हड़ताल पर, स्कूल हो गये बंद

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सात दिनों से जारी आजाद संघ लांजी की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**
बालाघाट आजाद अध्यापक शिक्षक संघ लांजी के द्वारा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर विगत 7 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल से छात्रों की पढ़ाई पर गहरा प्रभाव पड़ा है। जानकारी में बताया गया कि लांजी ब्लॉक अंतर्गत 10 संकुल के लगभग 700 से 800 अध्यापक शिक्षक शिक्षिकाएं हड़ताल में उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि सरकार की दोहरी नीति की वजह से जहां पुराने शिक्षक संवर्ग को पुरानी पेंशन लागू है वहीं पर नवीन अध्यापक संवर्ग को एनपीएस योजना के तहत रिटायर होने पर मात्र 1000 से 1200 पेंशन प्राप्त होती है जोकि अत्यंत चिंता का विषय है इतने कम पैसों में एक रिटायर शिक्षक




अपने परिवार का भरण पोषण कैसे कर पाएगा। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल के आव्हान पर पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है जिससे पूरे मध्यप्रदेश के लगभग 80 प्रतिशत शासकीय स्कूल प्रभावित है।

### लांजी ब्लॉक के ये स्कूल रहे बंद

शिक्षकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से विकासखण्ड लांजी के कुछ स्कूल जिसमें प्राथमिक शाला देवलगांव, प्राथमिक शाला मदन टोला, प्राथमिक शाला सिरेगांव, प्राथमिक शाला केरेगांव,प्राथमिक शाला कुमारी कला, प्राथमिक शाला गोसाई टोला, माध्यमिक शाला बापड़ी, माध्यमिक शाला सिरेगांव, माध्यमिक शाला सिहारी माध्यमिक शाला सिंघोला प्राथमिक शाला दुल्हापुर प्राथमिक शाला आवारी टोला आदि लगभग क्षेत्र के 70 प्रतिशत स्कूल शिक्षकों के अभाव में बंद है। शासन यदि अध्यापकों की न्यायोचित मांगों को पूर्ण नहीं करती तो तो बच्चों के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ होगा, क्योंकि अध्यापक संवर्ग अपने संवैधानिक अधिकारों को लेने के लिए हड़ताल पर है। आज के इस हड़ताल में मुख्य रूप से संघ के जिला उपाध्यक्ष चंद्रभूषण चौहान, ब्लाक अध्यक्ष तीलकचन्द बनोठे , संयोजक मुकेश हरिनखेड़े, उपाध्यक्ष समारुलाल घोरमारे कोषाध्यक्ष लालसिंह छेदाम सचिव राजेन्द्र बारबूदे, जगदीश भारद्वाज, किताबचन्द बिसेन, कृष्णा वैष्णव, जयभीम गजभिये, राजेश्वर मेहरकर, मनसुरे सर, दीपक रामटेके, तिलक नारनौरे, अनुपचन्द घोरमारे, लक्ष्मीकांत मड़ामे, लक्ष्मी बिसेन, कमल मेश्राम राजकुमार कुशले, अतुल हनोते, बीरबल दशरिये, ठंमक बनोठे, जगदीश हनोते, श्रीमती गुलनाज खान, गीता लिल्हारे, संध्या मरावी, गीता डोये, अर्चना दुबे, सुनीता सोनवाने, सरिता गौतम, तामेश्वरी बिसेन, रामेश्वरी पटले एवं बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।।

# जन जन तक पहुचायेंगे शासन की योजनाएं-एस.डी.एम




### गांगेपुरा व जाखौली में योजनाओं के बारे में जानकारी देकर लोगों को किया जागरूक

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**
**दबोह-** सोमवार को मुख्यमंत्री जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें प्रमुख रूप से योजनाओं का निरीक्षण एवम लोगों को जागरूक करने के लिए एसडीएम आर.ए प्रजापति पहुँचे और वहां उन्होंने ग्राम पंचायत गांगेपुरा एवम ग्राम पंचायत जाखौली का भृमण किया और शिविर लगाकर लोगों को मुख्यमंत्री जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में अबगत कराया और कहा कि शासन की हर योजना को प्रत्येक उस ब्यक्ति तक पहुचाएंगे जो उसका हकदार है वहीं उन्होंने कहा कि प्राया ऐसा देखने को मिला कि योजनाओं का लाभ अपने निजी हितों की पूर्ति के लिए उन ब्यक्तियो को दिला दिया जाता है जो उसके पात्र नही है ऐसे लोगों की सूची भी प्रत्येक पंचायत स्तर पर गुप्त रूप से बनबाकर उनके खिलाफ कार्यबाही कर योजनाओं का सही क्रियान्वयन कर पात्र हितग्राहियों को दिलाने का कार्य किया जाएगा।इस मौके पर उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनी और उनका तुरन्त निराकरण भी करबाया इस मौके पर उनके साथ ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक एवम ग्राम के प्रबुद्धजन एवम ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# बालाघाट के बैहर में ट्रेजर सिनेमा हाल के पीछे झाड़ियों में मिली बाघ के शावक की खाल



**बालाघाट।** बैहर के ट्रेजर सिनेमा हाल के पीछे झाड़ियों में शुक्रवार की देर शाम बाघ के शावक की खाल मिलने से सनसनी फैल गई। वन विभाग ने मौके पर पहुंच कर खाल को अपने कब्जे में लेकर डाग स्क्वाड की मदद से अज्ञात आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। खाल में तीन गोल के निशान मिले है। जिससे गोली मारकर शिकार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। इधर, वन विभाग ने खाल का डीएनए परीक्षण के लिए जबलपुर लैब भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार सिनेमा ट्रेजर हाल के पीछे झाड़ियों में बाघ के शावक की खाल होने की सूचना वन विभाग को मुखबिर के जरिए मिली थी। सूचना मिलने पर मौके अमले के साथ पहुंच आवश्यक कारवाई की गई। शनिवार को खाल के बारे में पता लगाने कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से एक और बालाघाट से एक डाग स्क्वाड टीम बुलाकर जांच शुरू की गई। लेकिन लगातार वर्षा होने के चलते अभी तक कुछ जानकारी सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि ट्रेजर सिनेमा हाल वन विभाग कार्यालय से करीब ही है।

### मूंछ के बाल गायब, 25 दिन पुरानी खाल

डाक्टर आशीष वैध ने बताया कि बाघ के शावक की उम्र ड़ेढ़ से दो वर्ष के बीच की है। लेकिन शिकारियों ने मूंछ के बाल गायब कर लिए है। पैरों में नाखून सही सलामत है। खाल लगभग 25 दिन पुरानी है। खाल से बदबू आ रही थी। तीन निशान पाए गए है, स्पष्ट समझ नहीं आने से डीएनए के लिए जबलपुर लैब भेज दिया गया।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन की मौत, ज्यादा उम्र और बीमारी हो सकती है वजह



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 11 वर्षीय एक बाघिन की मौत हो गई है। बाघिन का शव रविवार की देर रात जंगल में देखा गया था। इस बारे में जानकारी देते हुए एसडीओ सुधीर मिश्रा ने बताया कि बाघिन के शव का पोस्टमार्टम सोमवार की सुबह कराया गया और उसके पश्चात उसका अंतिम संस्कार घटनास्थल के निकट ही कर दिया गया। बाघिन की मौत के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। संभवतः वह बीमार थी और उम्र ज्यादा होने के कारण उसकी मौत हुई है। बाघिन के शरीर पर चोट के कोई निशान मिलने की भी अब तक पुष्टि नहीं हो पाई है। एसडीओ सुधीर मिश्रा ने बताया कि निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार बाघिन के शव का पोस्टमार्टम कराया गया और इस दौरान सभी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

**गश्ती दल ने देखा शव:** विश्वविख्यात बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में रविवार की देर रात बाघिन का शव मिला है, पार्क के गश्ती दल को टाइगर रिसर्व के गेट नंबर एक ताला जोन के घोड़ा डेमन नामक स्थान पर बाघिन का शव मिला था। मृत बाघिन की उम्र 11 से 12 साल के बीच की है। घटना की जानकारी के बाद पार्क के उच्च अधिकारी मौके पर पंहुच गए। हालांकि, ज्यादा रात और अंधेरा होने के कारण जांच एवं अग्रिम कार्रवाई सोमवार की सुबह से आरंभ की गई।

## मधुसुदनगढ़ के वार्डो में लगाया गया मुख्यमंत्री जनसेवा शिविर

**रिपोर्टर –ᐅ प्रतिश अग्रवाल**

**पुष्पांजली टुडे** मधुसुदनगढ़ में नगर परिषद द्वारा मुख्यमंत्री जनसेवा शिविर लगाया गया जिसमे वार्डवासियों की समस्या आला अधिकारियों ने सुनी और वार्ड के पार्षद भी प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे। कलस्टर प्रभारी रवि कुमार भाले उपयंत्री, राजस्व विभाग कुंवर श्याम, पटवारी राकेश यादव, नगरीय प्रशासन विभाग उदय सिंह राजपूत, महिला एवं बाल विकास विभाग शालिनी श्रीवास्तव, ऋतु डूंगर, स्वास्थ विभाग सुरजबती मार्को, आशा शायरा पठान, एनयूएलएम जुगल सोलंकी, पशुपालन विभाग सुरेश चंद्र जैन, जनजातीय एवं अनुसूचित जाति कार्य विभाग रंजना सक्सेना अधीक्षक एवं वार्ड नबर 03 के पार्षद प्रदीप शर्मा मौजूद रहे।



## खँगार क्षत्रिय समाज का सामाजिक एकता सम्मेलन सम्पन्न

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार**–रविवार को भिण्ड जिले के जैतपुरा असवार में खँगार क्षत्रिय समाज का सामाजिक एकता सम्मेलन सम्पन्न हुआ।जिसमें काफी लंबे समय से दो परिवारों का विवाद चल रहा था।जिसको मुख्य रूप से मौजूद समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एन आर खेंगर की समझदारी व सूझबूझ से सुलह कराकर समझौता कराया गया।जिसके बाद मौजूद समाज के वरिष्ठ लोगो द्वारा समाज के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।वहीं इस दौरान इस सम्मेलन में गिरजाशंकर,अतर सिंह,मंगल सिंह,राजकुमार शिक्षक,सरनाम सिंह,बलबीर सिंह लहार,तिलक सिंह,भारत सिंह,लाखन सिंह रौन,अर्जुन सिंह,बाबू सिंह लहार,निरपत सिंह शिक्षक लहार,विनोद,मलखान सिंह दबोह, सोनकिया फरदुआ सहित समाज के सैकड़ो बन्धु उपस्तिथ रहे।



## कलेक्टर 20 सितंबर को करेंगे नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज का शुभारंभ सभी तैयारियां पूर्ण ,टेस्ट उपरांत मिलेगी अनुमति, टेस्ट 25 सितंबर को सुबह 8 बजे से होगा



**पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**
**संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार**

**टीकमगढ़।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य में 20 सितंबर 2022 को दोपहर 12 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 टीकमगढ़ पर किया जा रहा है। कोचिंग संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। एसडीएम सीपी पटेल ने बताया है कि सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज से जुड़ने के लिए 12 सितंबर से 17 सितंबर 2022 तक पंजीयन की तिथि निर्धारित की गई थी। इस पंजीयन में छात्र छात्राओं ने उत्साह दिखाया है और लगभग 1000 छात्र छात्राओं ने नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज का लाभ उठाने के लिए पंजीयन कराया है। एसडीएम श्री पटेल ने बताया कि प्रथम चरण में उन छात्र छात्राओं को अध्ययन की सुविधा दी जाएगी जो टेस्ट उत्तीर्ण कर लेंगे।

# आखिरी दौर के मानसून से बढ़ा धान का रकबा निर्यात प्रतिबंध से अमेरिका-यूरोप नाखुश



**इंदौर।** इस साल बंगाल-उप्र और अन्य प्रमुख चावल उत्पादक राज्यों में धान की कमजोर बुवाई सरकार को भी चिंतित कर रही थी। मानसून के आखिरी दौर में झमाझम बरसात ने धान की बुवाई के रकबे में सुधार कर दिया है। आखिरी दौर में धान की बुवाई के क्षेत्रफल में कुल करीब पांच लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने बीते सप्ताह के आखिरी में नए आंकड़े जारी किए हैं। इस बीच भारत ने अपनी खाद्य सुरक्षा चिंता के कारण गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस पर अमेरिका और यूरोप ने आपत्ति ली है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में इस साल खरीफ की बुवाई का कुल आंकड़ा 1092.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल तक पहुंच गया है। बीते साल से अब भी खरीफ की बुवाई कमजोर है। बीते साल खरीफ फसलों की बुवाई का कुल रकबा 1101.8707 लाख हेक्टेयर था। दरअसल बीते वर्ष खरीफ में बुवाई का रिकार्ड कायम किया था। बुवाई के आंकड़े में सबसे ज्यादा कमी धान और दलहन में दिखाई दे रही है। धान की बुवाई 399.03 लाख हेक्टेयर में हुई है। यह बीते वर्ष से साढ़े चार प्रतिशत कम है। इसी तरह दलहन की बुवाई करीब 4 प्रतिशत कमजोर रहकर 131.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हुई है।

### कपास की बुवाई भी बढ़ी

दूसरी ओर कपास की बुवाई सबसे ज्यादा 7.5 प्रतिशत तक बढ़ी है। बीते वर्ष में देश में कपास के दाम उच्च स्तर पर रहे। इसी के चलते किसानों ने कपास की बुवाई में रुचि ली। इस वर्ष 127.15 लाख हेक्टेयर में कपास बोया गया है। गन्ने की बुवाई भी 55.65 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हुई है जो बीते वर्ष से करीब सवा प्रतिशत ज्यादा है। बुवाई के इस आंकड़े और सरकार द्वारा चावल निर्यात पर लगाए प्रतिबंध से अब घरेलु बाजार में चावल की तेजी की ओर जाती कीमतें थमती दिख रही है। आने वाले दिनों में बासमती को छोड़कर अन्य किस्मों के चावल के दाम में मंदी देखी जा सकती है।त्योहारी सीजन के बीच आम उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों की महंगाई से राहत भी मिल सकेगी।

### चावल प्रतिबंध पर शिकायत

भारत ने 27 अगस्त को गैर बासमती और टूटे चावल के निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया है। इसी तरह बासमती किस्म के चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत तक शुल्क लगा दिया है। इस पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अमेरिका और यूरोपियन यूनियन ने आपत्ति दर्ज करवाते हुए शिकायत की है। भारत की व्यापर नीति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि अस्थिर नीति विश्व व्यापार संगठन के समझौते और प्रतिस्पर्धी बाजार के साथ ही वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिहाज से भी गलत है। दरअसल इससे पहले भारत मई में गेहूं और फिर जून में आटा व अन्य उत्पादों के निर्यात को भी प्रतिबंधित कर चुका है। दरअसल देश की खाद्य जरुरतों के लिए भारत ऐसा कर रहा है जबकि रूस-यूक्रेन युद्द और यूरोप के सूखे के बीच पश्चिमी देश खाद्यान्य संकट और महंगाई से राहत के लिए भारत से अनाज निर्यात का रास्ता खुलवाने में जुटे हुए हैं।

## मधुसुदनगढ़ में किया गया भंडारा



**रिपोर्टर–ᐅ प्रतिश अग्रवाल**
**पुष्पांजली टुडे**

खबर है गुना जिले के मधुसुदनगढ़ की मधुसुदनगढ़ में श्री गणेश युवा शक्ति संगठन दगड़ा मोहल्ला द्वारा कराया गया भंडारा जोकि सांवरिया समारोह में हुआ सम्पन्न। समिति द्वारा पूरे नगर में आमंत्रण पत्र दिए एवम सोशल मीडिया द्वारा भी लोगो को संदेश दिया। मधुसुदनगढ़ के राजा को भोग लगने के पश्चात सभी नगरवासी ने प्रसादी ग्रहण की।

## डॉ. विष्णुवर्धन के जन्मदिवस पर प्रतिमा पर किया पुष्प अर्पित कर

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** ᐅप्रसिद्ध अभिनेता डॉक्टर विष्णुवर्धन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कन्नड संगठनों द्वारा मैसूर रोड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने दिवंगत अभिनेता विष्णुवर्धन के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके सिनेमा जगत में उनके योगदान को याद किया ।



## पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा %सेवा-पखबाडा%कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौ में मरीजों के स्वास्थ्य शिविर एवं फल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**महेन्द्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मौ-भिंड।** दिनांक 19/9/2022 सोमवार को दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता जननायक यशस्वी भारत के प्रधानमंत्री सम्मानीय मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर ÷सेवा-पखबाडा÷कार्यक्रम के तहत पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा गोहद विधानसभा के नगर मौ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के स्वास्थ्य शिविर एवं फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर जी व उनके साथ में अनिल भारद्वाज जी और मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह,और डां विमलेश जी व सैंथिया जी एवं डॉ जितेंद्र यादव महबूब खान हरीराम राठौर महेंद्र परिहार रामअख्त्ययारसिंह गुर्जर पर्वत जादौन कोमल यादव अवधेश चौहान बकील यादव रामनिवास यादव सोमबीर सिबहरे रघुराज गुर्जर संतोष यादव डां बैताल गोड अमित गुर्जर आगम जैन अवधेश शर्मा माता प्रसाद तिवारी सतीश परिहार बलबीर गोयल पूरन गोयल रवि राठौंर सोनू खान रामकेश गुर्जर गणेश जाटव सुंभम राठौर आकाश शाक्य दिनेश परिहार रामनरेश कुशवाहा महेश राणा रवि बघेल अबदेश श्री बास बेताल कुशबाह परमसुख कुशबाह राहुल माली राजीब जैंन धर्मेन्द राणा मनोज शर्मा हेमंत विश्वकर्मा जीतेन्द राणा शाहिद खान व सैकड़ों कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे।




# मेहरा पाली जिला उपाध्यक्ष तो परिहार आईएफडब्ल्यूजे के अध्यक्ष मनोनित



**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**

**पाली।** सुमेरपुर। शहर के प्राचीन श्रीनीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण में रविवार को आईएफडब्ल्यूजे के जिलाध्यक्ष अरूण जोशी की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। बैठक में सर्व सहमति से पत्रकार मांगीलाल परिहार को अध्यक्ष मनोनित किया गया। सदस्यों ने अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया एवं मुंह मीठा करवाया। जिलाध्यक्ष जोशी ने जिलाध्यक्ष ने निर्वतमान अध्यक्ष सतपाल मेहरा को जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लिया गया। बीते चार सालों से निवर्तमान अध्यक्ष के कार्याकाल की तारीफ करते हुए माला पहनाई। बैठक में पाली जिला सचिव मीठालाल मालवीय के भी आगमन पर उनका स्वागत किया गया।आहूत बैठक में सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए मांगीलाल परिहार एवं महासचिव नटवर मेवाड़ा के नामों पर चर्चा के बाद सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर मांगीलाल परिहार के नाम की सहमति पर उनके मनोनयन की घोषणा की गई। इस मौके पर नई कार्यकारिणी को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान नटवर मेवाडा, मांगीलाल मांगलिया, अब्दुल सतार मुलतानी, अरविंद जोशी, पुखराज कुमावत, तरूण रावल, बरकत खां,नारायण डाबी,पाबुसिंह कुंपावत, हिम्मतराम रांगी, वन्नेसिंह, महावीर मेवाड़ा, अरुण बैरवा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### इनका कहना है-

संगठन में जुड़े पत्रकारों के हितों को लेकर कार्य करूंगा। समय समय पर स्नेह मिलन रखकर समस्याओं के बारे में जिलाध्यक्ष एवं प्रदेशाध्यक्ष को अवगत करवाया जाएगा।

**मांगीलाल परिहार**, अध्यक्ष

# नव जन जागरण कल्याण समाज सेवा समिति रखोरा द्वारा पांच दिवसीय कर्मकांड शिविर का आयोजन




**राकेश परिहार,**

**पिछोर**– नव जन जागरण कल्याण समाज सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत रखोरा में गायत्री परिवार द्वारा पांच दिवसीय 18/09/2022 से .22/09/2022 तक कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त क्षेत्रवासियों को सूचित किया जाता है कि मां जागृति शक्ति पीठ माता मंदिर रखोरा पर पांच गायत्री परिवार द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं दीक्षा समारोह रखा गया है जिसमें आपको कथा भागवत शादी करने की विधि विधान के बारे में बताया जा रहा है जिसमें आसपास क्षेत्र के सैकड़ों लोग भाग ले रहे हैं इस आयोजन के प्रशिक्षण करता आचार्य सुरेश कुमार शास्त्री जी द्वारा कर्मकांड पद्धति के बारे में बताया जा रहा है

## भाजपा किसान मोर्चा की लगेगी किसान चौपाल

**दैनिक पुष्पाजली टुडे**

**भिण्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चलाए जा रहे भाजपा किसान मोर्चा के आव्हान पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख ग्राम पंचायत मानहेड में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद संध्या राय एवं मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया,विधायक संजीव सिंह कुशवाह पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया शामिल होंगे भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी एवं जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाह एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रज्जन सिंह भदौरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानहेड में किसान चौपाल एवं वृक्षारोपण अनेक कार्यक्रमों में दिनांक 20 सितंबर को समय 11ᐨ00 कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## जिला शिवपुरी में आज बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य विभागीय कार्यों पर हुई चर्चा



**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**
**अधिकारियों को दिए निर्देश**

**शिवपुरी,** 19 सितम्बर 2022/ कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा पत्र सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था के संबंध में समस्त एसडीएम को निर्देश दिए हैं। समस्त एसडीएम द्वारा पीडीएस दुकानों का निरीक्षण कर राशन वितरण व्यवस्था पर निगरानी रखी जाए और लापरवाही करने वालों पर ह कार्यवाही करें। बैठक में जल जीवन मिशन की भी समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग को इम्यूनाइजेशन केसीसी, लंपी रोग नियंत्रण के लिए करवाई के निर्देश दिए।बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष फोकस कर काम करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि 21 सितंबर को वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें सभी अधिकारी अपने अपने दफ्तरों की साफ सफाई कराएं और श्रमदान करें। इसके अतिरिक्त आगे भी अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जाना है जिसमें ऊर्जा साक्षरता अभियान, बाल स्पर्धा आदि गतिविधियां हैं। इसमें संबंधित विभाग द्वारा काम करने के अलावा समस्त विभाग समन्वय से काम करें। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करते हुए अधिक से अधिक अधिकारियों को लाभ पहुंचे

## अंतरविभागीय समन्वय बैठक में 'मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान' की हुई समीक्षा

# सर्वे से कोई पात्र हितग्राही न छूटे, अन्यथा वेतन से होगी वसूली : कलेक्टर

ग्वालियर। मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान÷ के तहत सरकार की चिन्हित योजनाओं से शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के लिये सर्वे का काम पूरी गंभीरता से कराएँ। सर्वे दलों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को इस आशय का प्रमाण-पत्र देना होगा कि यदि कोई पात्र हितग्राही योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित रहा, तो मेरे वेतन से धनराशि की वसूली कर ली जाए। यह निर्देश कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए।



ग्वालियर जिले में भी सम्पूर्ण प्रदेश के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से ÷मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान÷ और सेवा पखवाड़ा शुरू हुआ है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक आयोजित होगा। इस अभियान को संचालित करने के पीछे सरकार का लक्ष्य है कि लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाकर उन्हें आनंद और संतुष्टि की अनुभूति हो। सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सर्वे के माध्यम से 14 विभागों की 33 जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित ऐसे हितग्राहियों को चिन्हित किया जाना हैं, जिन्हें अभी तक इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है। इन परिवारों का पता लगाने के लिए सर्वे करने के साथ-साथ विशेष शिविर लगाए जाने हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इस माध्यम से पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें संबंधित विभाग के माध्यम से लाभान्वित कराएँ। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के सर्वे की प्रक्रिया, प्रपत्र व शिविरों के आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर एच बी शर्मा सहित जिले के सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### चिन्हांकित सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें

कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में सभी एसडीएम एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वंचित हितग्राहियों की पहचान के बाद अक्टूबर माह में एक साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक तैयारियाँ की जाएँ। अधिकतम 31 अक्टूबर तक निराकरण का कार्य अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। प्रथम शिविर से प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के बाद द्वितीय शिविर में हितलाभ और स्वीकृति पत्र प्रदान किया जाए। पोर्टल पर निराकरण की स्थिति अपलोड भी की जाए। पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित कर बैठक व्यवस्था,पेयजल और अन्य प्रबंध सुनिश्चित किए जाएँ। आम लोगों को यह भी मार्गदर्शन दिया जाए कि वे किस तरह योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन करें। आवेदकों को स्नेहपूर्वक आवश्यक सहयोग किया जाए।

### 45 दिनों तक चलेगा मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान

योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्र लोगों को मिले इसके लिए निरंतर 45 दिन अभियान की गतिविधियाँ संचालित होंगी। इस पखवाड़े के तहत पौध-रोपण, स्वच्छता अभियान, लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों के जिला सम्मेलन, ऊर्जा साक्षरता, अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रावासों के निरीक्षण, स्वस्थ बाल स्पर्धा, गौ सेवा कार्यक्रम, निर्धारित एमएसएमई क्लस्टर्स का संबंधित क्षेत्रों में शिलान्यास और सम्मेलन, स्वामित्व योजना में अधिकार अभिलेख वितरण के पूर्व के कार्यों को करने पर ध्यान दिया जाएगा।

प्रयास ऐसे होंगे जिससे यह अभियान, योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन लाने का माध्यम बनें। चिडियाघर में सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी चीता गैलरीग्वालियर दिनांक 19 सितम्बर 2022- गांधी प्राणी उद्यान चिडियाघर में बनाई गई चीता गैलरी के प्रति बडी संख्या में सैलानी आकर्षित हो रहे हैं।

## आईटीआई दीक्षांत समारोह आज

ग्वालियर।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, उद्योगों को प्रशिक्षित कुशल जन शक्ति की आपूर्ति कर देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
आईटीआई उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनके समर्पित प्रयासों के लिये सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से 20 सितम्बर 2022 को राज्य स्तरीय आईटीआई दीक्षांत समारोह होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में सुबह 10 बजे मेरिट अनुसार 10 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र, प्लेसमेंट/इंटरनेशनल एवं प्लेसमेंट प्राप्त एप्रेंटिस एवं स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने वाले 5-5 प्रशिक्षणार्थियों तथा राज्य स्तर पर प्लेसमेंट के लिये उत्कृष्ठ कार्य करने वाले दो प्लेसमेंट अधिकारियों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया करेंगी।

## शहर में साफ सफाई व्यवस्था में कतई न बरतें लापरवाही: निगमायुक्त

### निगमायुक्त श्री कन्याल ने किया शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

ग्वालियर। महाराज बाडा स्थित निगम के पुराने मुख्यालय भवन की जर्जर दीवार नए रुप से विकसित करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने स्मार्टसिटी के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल ने जीवाजी पार्क व अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था को देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाराज बाडा क्षेत्र में और इसके आस पास साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे इसका सभी संबंधित अधिकारी ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण में अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर, अधीक्षणयंत्री श्री आर.एल. एस मौर्य, श्री जेपी पारा, उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया, उपायुक्त श्री अमरसत्य गुप्ता, वर्कशॉप प्रभारी, श्री शैलेन्द्र सक्सेना, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव, पार्क नोडल अधिकारी श्री रोहित तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सोमवार को शहर में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिसमें ग्वालियर पूर्व विधानसभा से होते हुए ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के महाराज बाड़े पर पहुँचे जहां जीवाजी पार्क का निरीक्षण कर सुभाष मार्केट के सामने स्मार्टसिटी द्वारा किये जा रहे सौंदर्यीकरण का जायजा लेकर नजरबाग मार्केट के पीछे नगर निगम के पुराने मुख्यालय की जर्जर दीवार को नए रूप में विकसित करने के आदेश दिये गए।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने काल्पी ब्रिज पर बनाये गए डिवाडरों को सही करने और डिवाइडरों में लगे पौधे सही करने के निर्देश संबधित ठेकेदार को दिए। निरीक्षण के दौरान सनसिटी के पीछे एक युवक को दीवार पर गंदगी करते देखा तो पहले तो युवक को फटकार लगाई और फिर आगे ऐसा न करने और अपने शहर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम श्री वैभव श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन एक किलोमीटर के क्षेत्र में विशेष सफाई कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए कि शहर की सड़कों और दीवारों को और भी ज्यादा सुंदर बनाया जाए। साथ ही बरसात में बड़े हुए पेड़ो की छंटाई कराई जाय यह निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने अधिकारियों को दिए। वहीं निगमायुक्त श्री कन्याल ने कहा कि सूर्य नमस्कार चौराहा के पास बने डिवाइडरों पर रेलिंग लगाई जाए।

## कुरीतियों खत्म करने उठाएं जाएं कड़े कदम

### रावत समाज 19 घार की बैठक में नशा मुक्ति,दहेज प्रथा और त्रयोदशी , पटा पर प्रतिबंध लगाने दिया जोर

भितरवार। सम्पन्न हुए और होने बाले सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर रावत समाज 19 घार की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें समाज के लोगों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने पर जोर दिया। रविवार को करैरा मार्ग पार्वती नदी पुल के पास स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर पर आयोजित हुई बैठक में रावत समाज के वरिष्ठजनों ने समाज सुधार को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान वरिष्ठजनों ने दहेज प्रथा,नशा मुक्ति और त्रयोदशी पटा पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। साथ ही बैठक में होने बाले सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। वहीं इस दौरान पूर्व कमेटी द्वारा सम्पन्न हुए कार्यक्रमों में हुए आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में श्रीमती कृष्णा देवी रावत, सभा के अध्यक्ष शेंतान सिंह रावत,जितेंद्र सिंह रावत,हेमंत सिंह रावत ईटमॉ, उदय सिंह रावत,लखन सिंह रावत,राजेन्द्र सिंह रावत,सुल्तान सिंह,मंगल सिंह,रतन सिंह,चंदन सिंह रावत,रामेश्वर रावत आदि उपस्थित थे।

### हरिबल्लभ रावत अध्यक्ष और हरनाम सिंह को बनाया उपाध्यक्ष

रावत समाज 19 घार की बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर नवीन कार्यकारिणीं गठित की। जिसमें हरिबल्लभ रावत ( घाटमपुर ) को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर हरनाम सिंह रावत को नियुक्त किया गया। नवीन कार्यकरिणीं में आतम सिंह रावत सचिव,मंगल सिंह रावत को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

## ग्वालियर में भी लंपी वायरस, दो संक्रमित गाय मिलीं

### बंधौली गांव में बनाया [ रेंटीन सेंटर, पशु चिकित्सक बोले- तेजी से फैलता है सावधान रहें

ग्वालियर। पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश के ग्वालियर में भी गाय में लंपी वायरस का संक्रमण फैलने लगा है। ग्वालियर में अभी तक दो संक्रमित गाय सामने आई हैं। एक पुलिस दरोगा की गाय थी जिसका ट्रीटमेंट किया गया है और अब वह सही है, जबकि दूसरी गाय का इलाज जारी है।

दो पशुओं में यह जानलेवा संक्रमण मिलने से पशु चिकित्सा विभाग में भी हडकंप मच गया है, क्योंकि पशु चिकित्सकों की राय में जिस तरह से मनुष्य जाति के लिए कोरोना वायरस फैला था उसी तरह मवेशियों के लिए यह लंपी वायरस फैल रहा है। ग्वालियर के बंधौली में क्वारेंटीन सेंटर भी बनाया गया है।

ग्वालियर अंचल के शहर ग्वालियर में लंपी वायरस की एन्ट्री का पता उस समय लगा जब मुरार थाने में पदस्थ एक दरोगा की गाय को पीठ पर गांठे निकल आईं। वह गाय को लेकर पशु चिकित्सालय पहुंचे तो वहां टेस्ट में गाय के लंपी वायरस की पुष्टि हुई। इसके बाद पशु चिकित्सकों ने गाय को निगरानी में ले लिया। इसके अलावा एक अन्य गाय महलगांव सिटी सेंटर में इसी वायरस की संक्रमित निकली है। मुरार से आई गाय का इलाज किया गया है और प्रारंभिक लक्षण थे इसलिए तत्काल आराम मिल गया है। पशु चिकित्सकों की माने तो यह वायरस एक मवेशी से दूसर मवेशी में बड़ी तेजी से फैलता है। यह जल्द भयानक रूप धारण कर सकता है। एक्सपर्ट तो यह भी कहते हैं कि यह कोरोना वायरस की तरह ही मवेशियों में तेजी से फैलता है।



### ऐसे समझें क्या है लंपी वायरस?

पशु चिकित्सक जीएस दुबे ने बताया कि मवेशियों पर अटैक करने वाले कैपरी पॉक्स वायरस को ही लंपी वायरस के रूप पर जाना जाता है। इसे अन्य भाषा में ढेलेदार त्वचा रोग वायरस भी कहते हैं। लंपी वायरस की शुरुआत पॉक्सविरिडाए डबल स्ट्रैंडेड डीएनए वायरस परिवार से होती है। पॉसक्सविरिडाए को पॉक्स वायरस भी कहते हैं। ये वायरस पशुओं खासकर गाय बैल और गाय के बछड़ो की ऊपरी खाल पर संक्रमण फैलाते हैं। मच्छर, कीट, पतंगे लंपी वायरल रोग वाहक के रूप काम करते हैं जो इस बीमारी को एक पशु से दूसरे में फैला देते हैं। इससे पशुओं की खाल पर गांठें पड़ जाती हैं फिर उनमें पस पड़ जाता है। आखिर में घाव में खुजली वाली पपड़ी बन जाती हैं, जिस पर वायरस महीनों तक बना रहता है। यह वायरस जानवर की लार, नाक के स्त्राव और दूध में भी पाया जा सकता है। इसके अलावा, पशुओं की लसीका ग्रंथियों में सूजन आना, बुखार आना, अत्यधिक लार आना और आंख आना, वायरस के अन्य लक्षण है।

## मुनिश्री ने भगवान जिनेंद्र का कराय अभिषेक, मंत्रो से कराई बृह्द शांतिधारा

### समर्पण के बाद ही भक्ति, आस्था व श्रद्धा उत्पन्न होती हैः मुनिश्री विनय सागर

### भक्तामर महिमा पाठ की गूंज रही है महाआरधान, मढ़ने पर दीपो को समर्पित कर रहा है

ग्वालियर। दुनिया में ईश्वर से अधिक समझदार कोई नहीं है। हम सभी आपस में भेदभाव करते हैं। जब हम किसी को कुछ देते हैं तो उसमें लेने का भाव छिपा रहता है। जहां-जहां हम पूर्व में देते हैं, हमें वही से व्यवहार में कुछ प्राप्त होता है। जहां से कुछ मिलने की उम्मीद नहीं दिखती वहां हम कुछ नही देते। इसलिए अगर कुछ चाहिए तो पहले देना सीखना होगा। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर व मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज सोमवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुनिश्री ने कहा कि ईश्वर और सरकार के दरबार में एक सा नियम चलता है। जब भक्त कुछ देता है तो भगवान उसके देने के भाव के अनुरूप ही उसे वापस करते हैं। ऐसे ही पहले हम सेवाएं परिश्रम के द्वारा सरकार को देते हैं। वही बाद में पारिश्रमिक लेते है। दान पहले दिया जाता है और उसका फल बाद में मिलता है। कभी इस जन्म में तो कभी उस जन्म में। समर्पण के बाद ही भक्ति, आस्था और श्रद्धा उत्पन्न होती है।



### भक्तामर स्तोत्र पाठ में जैन समाज दीपको को कर रहे है समर्पित

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज के सानिध्य में आचार्य मानतुंग का लिखा भक्तामर स्तोत्र पाठ जैन समाज के लोग भक्तिमय आकर्षक माढना पर दीपो को समर्पित कर रहे है। भक्तिमय स्वरो के साथ साथ जैन समाज लोगो सामूहिक रूप से भक्तामर माढने पर पंडित डॉ ज्योतिषाचार्य हुकुमचंद जी भक्तामर के 48 महाकाव्यों दोहे के साथ 48 दीपको के साथ ऋद्धि सिद्धी मंत्रो उच्चारणो के साथ एक एक दीपकों को प्रज्वलित कर सज्जाये हुए मढ़ने पर भक्तिभाव के साथ समर्पित कर रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### चिडियाघर में सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी चीता गैलरी




ग्वालियर। गांधी प्राणी उद्यान चिडियाघर में बनाई गई चीता गैलरी के प्रति बडी संख्या में सैलानी आकर्षित हो रहे हैं। चिडियाघर में घूमने आने वाले सैलानियों को चीता गैलरी के माध्यम से देश में विलुप्त हो चुके चीतों के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी जा रहीं है। आमजनों को गांधी प्राणी उद्यान चिडियाघर के प्रति आकर्षित करने एवं वन्यप्राणी चीतों के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराने के उददेश्य से गांधी प्राणी उद्यान चिडियाघर में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर चीता गैलरी बनाई गई है। ज्ञात हो कि देश के दिल मध्यप्रदेश के कूनो अभ्यारण में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह के द्वारा चीते छोड़े जाने के बाद चीतों के बारे और ज्यादा जानकारी देने के लिए। ग्वालियर चिड़ियाघर में चीता गैलेरी भी बनाई गई है, ताकि ग्वालियर चिड़ियाघर घूमने आने वाले सैलानियों को चीतों के बारे में और ज्यादा जानकारी मिल सके।

### फिल्म थैंक्स गॉड के खिलाफ कायस्थ समाज लाम बंद

ग्वालियर। कायस्थ समाज के नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी नूतन श्रीवास्तव ने बताया की आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी का फिल्म थैंक्स गॉड जिसकी अभिनेता अजय देवगन है जो 25 अक्टूबर को रिलीज हो रही है उसमें भगवान चित्रगुप्त जी का आपत्तिजनक चित्रण किया गया है। उनके इर्द-गिर्द अर्धनग्न स्त्रियों को दिखाया गया है जब केवल टेलर में ही इतनी चीजें हैं तो पूरी पिक्चर में भगवान चित्रगुप्त का क्या चित्रण होगा इसी के खिलाफ अभी कुछ दिन पहले कायस्थ समाज ने फूलबाग चौराहे पर अभिनेता अजय देवगन का पुतला जलाया था अब चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी की जा रही है जिसके तहत अभिनेता अजय देवगन पर एफ आई आर दर्ज हो एवं फिल्म पर तुरंत बैन लगाया जाए क्योंकि भगवान चित्रगुप्त कायस्थ समाज के ही नहीं प्रत्येक हिंदू समाज के आराध्य देव हैं अगर सीख रही इस फिल्म पर बैन नहीं लगाया गया तो पूरे देश में कायस्थ समाज के साथ पूरा हिंदू समाज इस फिल्म का वॉकआउट करेगा इस फिल्म के खिलाफ पूरे शहर में जगह-जगह फिल्म थैंक्स गॉड के वर्क आउट के बैनर पोस्टर लगाए जाएंगे हर चौराहे पर इस फिल्म के वर्क आउट का पुतला दहन किया जाएगा और आंदोलन उग्र किया जाएगा।

### सेवा पखवाड़े के तह भाजपा कोटेश्वर मंडल ने चलाया गरगज मंदिर पर स्वच्छता अभियान

ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर महानगर द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा कोटेश्वर मंडल द्वारा वार्ड क्रमांक-1 के गरगज मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री एवं विधानसभा प्रभारी विनोद शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष श्री प्रयाग सिंह तोमर, सत्येन्द्र शर्मा, सतीश खटीक, श्याम गौड, बंटी निगम, जावेद हुसैन, लीलाधर कुशवाह, मुबीन खान, सोनू खान, लाल सिंह पाल, सुनील गोस्वामी, दीपक भदौरिया, सोनू राजपूत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा 21 एवं 22 सितंबर को सभी मंडलों में चलाएगा स्वच्छता अभियान

ग्वालियर। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को जिला कार्यालय मुखर्जी भवन पर आयोजित की गई। इस बैठक में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बनाए गए जिले के प्रभारी श्री धर्मेंद्र राणा एवं भाजपा अजा मोर्चा को के कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष श्री दीपक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में अतिथियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़े के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। बैठक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 26 नवंबर संविधान दिवस तक होने वाले बस्ती संपर्क अभियान को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा 21 एवं 21 सितंबर का सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाएगा।
बैठक की अध्यक्षता मोर्चे के अध्यक्ष श्री संतोष गोड़याले ने की।

**बैठक का संचालन मोर्चे के महामंत्री श्री पोहप सिंह जाटव एवं आभार मोर्चे के महामंत्री श्री राजा खटीक ने व्यक्त किया**

बैठक में अनूप करोसिया, नंद किशोर माहौर, संजय राजे, शैलेंद्र बडोरी, श्रीमती सरोज पवैया, अमन वाल्मिक, दिनेश पारक्षे, हिमांशु शाक्य रवि रागोड़ी, वीरेंद्र खटीक, रंजीत नरवारे, कमल कैलासिया, पन्ना लाल खेरिया, जितेंद्र खोइया, श्रीमती नीलम सखवार, नरेंद्र खटीक, दिनेश सरगैयाँ, रोहित चावड़िया,संजय खटीक, सूरज नार्वे, रवि कौशल, दिलीप मास्टर, अमृतलाल शाक्य, नरेंद्र पुजारी, नरेंद्र मौर्य, तरुण पवैया, एलिश खरे, नीरज चैहान, अजय पेमदे, नरेंद्र शाक्य आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला रोजगार कार्यालय में 21 सितम्बर को प्लेसमेंट ड्राइव

ग्वालियर। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत जिला रोजगार कार्यालय में 21 सितम्बर को प्लेसमेंट ड्राइव (रोजगार मेला) का आयोजन किया गया है। इस दिन यह रोजगार मेला यहाँ रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर गदाईपुरा मुरैना लिंक रोड़ में स्थित जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 11 बजे से शुरू होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में चार कंपनियों द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी का अवसर प्रदान किया जायेगा। उप संचालक जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईसीआईसीआई कंपनी द्वारा फायनेंस कंसलटेंट, रिलायंस निपोन लाइफ इंश्योरेंस द्वारा लाइफ प्लानिंग ऑफीसर (सिर्फ महिलाओं के लिए), पुखराज कंपनी द्वारा वेलनेस एडवायजर और जमुना ऑटो प्रा.लि. द्वारा ट्रेनीज के पदों की भर्ती की जायेगी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में दसवीं से लेकर आईटीआई व स्नातक योग्यताधारी 18 से 35 आयु वर्ग के युवा इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 9 हजार से लेकर 15 हजार रूपए तक वेतन मिलेगा। निजी कंपनी में नौकरी करने के इच्छुक युवा अपना रोजगार पंजीयन क्रमांक, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र व बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर इस भर्ती में भाग ले सकते हैं।

### स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को नल-जल योजनाओं के संधारण की जिम्मेदारी

ग्वालियर। जल जीवन मिशन के तहत सरकार द्वारा हर घर नल से जल पहुँचाने का काम किया जा रहा है। मिशन के तहत ग्रामीण अंचल में मूर्तरूप दी जा रही नल जल योजनाओं के संचालन व संधारण की जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को भी सौंपी जा रही है। गत 17 सितम्बर को कराहल में आयोजित हुए स्व-सहायता समूह सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्राम पंचायत नानावत की पेयजल समिति की महिला सदस्य श्रीमती शीतला बैरवा को पेयजल गुणवत्ता परीक्षण किट सौंपी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478